फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 230 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
14 फरवरी 2025 शुक्रवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
11 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

## कांग्रेस से दूर हुए अहमद पटेल के बेटे फैजल



**अहमदाबाद, दोपहर मेट्रो** कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे दिवंगत अहमद पटेल के परिवार की नाराजगी सामने आई है। पटेल के बेटे फैसल ने कांग्रेस के लिए काम नहीं करने का ऐलान किया है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि मैंने कांग्रेस के लिए काम करना बंद करने का निर्णय लिया है, कई वर्षों से यह एक कठिन यात्रा रही है। मेरे दिवंगत पिता ने अपना पूरा जीवन देश, पार्टी और गांधी परिवार के लिए समर्पित कर दिया। मैंने उनके पदचिन्हों पर चलने की कोशिश की लेकिन मुझे नकार दिया गया। कांग्रेस पार्टी सदैव मेरा परिवार रहेगी। स्व पटेल की बेटी मुमताज भी कांग्रेस से जुड़ी हैं उन्हें ही राजनीतिक उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जाता है वे हाल के दिल्ली चुनाव में वे प्रचार भी कर रही थीं। हालांकि लोकसभा चुनाव में वे भरूच से लडना चाहती थी लेकिन टिकट नहीं मिला था।

## शिव-पुत्र की शादी में आज वीवीआईपी का जमावड़ा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के छोटे बेटे कुणाल सिंह चौहान आज विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं। भोपाल के होटल ताज में रिद्धि के साथ कुणाल के विवाह की रस्में पूरी होंगी। स्नेह भोज नीलबड़ के पास वाना ग्रीन होटल में होगा। इस समारोह में भाग लेने के लिए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री और नेता भोपाल पहुंच रहे हैं। समारोह में सीएम डॉ. मोहन यादव, राज्यपाल मंगू भाई पटेल, पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, सहित मध्यप्रदेश सरकार के मंत्रियों, सभी विधायकों, सांसदों, केन्द्रीय मंत्रियों और सभी दलों के नेता शामिल होंगे। होटल वाना ग्रीन में होने वाले कार्यक्रम के लिए नेताओं के मूवमेंट को देखते हुए पुलिस और प्रशासन अलर्ट है।

## श्रोती बने मप्र हाइकोर्ट जज, सोमवार को शपथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**



देश के नौ राज्यों के हाइकोर्ट में 13 जजों की नियुक्ति की गई है। इनमें आशीष श्रोती को मप्र हाइकोर्ट का जज बनाया गया है। इन नियुक्तियों के आदेश हाल में राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद जारी किए गए हैं। मूलतः नर्मदापुरम के रहने वाले पैंतालीस वर्षीय श्रोती लंबे समय से हाइकोर्ट में वकालत करते रहे हैं। श्रोती को सोमवार को भोपाल में राजभवन में पद की शपथ दिलाई जाएगी।

### सीएम ने दिए गौपालन बढ़ाने के निर्देश, किसानों को सोलर पंप के लिए प्रेरित किया जाएगा

# शाह की मौजूदगी में मप्र के दुग्ध संघों को एनडीडीबी के सुपुर्द करेगी सरकार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जन अभियान परिषद से जुड़े स्वयंसेवी संगठन तथा प्रस्फुटन समितियों के कृषकों को सोलर पंप लगवाने के लिए प्रेरित करने को कहा है। इसके साथ ही किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से गोपालन को भी प्रोत्साहित करने की जरूरत बताई है। आज सुबह एक बैठक में उन्होंने दोनों गतिविधियों को अभियान के रूप में संचालित करने के निर्देश दिए। यादव ने कहा है कि जन अभियान परिषद से जुड़े स्वयंसेवी संगठन तथा प्रसफुटन समितियां यह काम प्राथमिकाता से करें। वहीं आगामी दिनों में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड दुग्ध संघों को टेकओवर करने की तैयारी में है। यह कार्यक्रम भी भोपाल में होगा। इसके लिये भव्य आयोजन की तैयारी भी है। बताया जाता है कि सीएम यादव ने इसके लिए केंद्रीय मंत्री शाह को दिल्ली में आमंत्रण दिया है। दरअसल शाह ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिये के अंतिम दिन 25 फरवरी को भोपाल आ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि जीआईएस में ही टेकओवर की प्रक्रिया हो सकती है लेकिन कोशिश यह है कि जीआईएस से अलग एक भव्य आयोजन किया जाए जिसमें शाह और सीएम मौजूद रहेंगे, उस आयोजन में बकायदा दुग्ध संघों, सहकारी समितियों को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड टेकओवर करेगा।

### 5 साल के लिए एनडीडीबी के हवाले हैं दुग्ध संघ

दुग्ध संघों को 5 साल के लिए मप्र सरकार राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को दे चुकी है। इसका करार भी हो चुका है, जो कि सरकार, एमपी स्टेट को–आपरेटिव डेयरी फेडरेशन, दुग्ध संघ और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच हुआ है। हालांकि इस फैसले पर काफी बहस भी छिड़ी थी। ज्ञात हो कि ये 40 साल पुराने सहकारी दुग्ध संघ है, जिनमें किसानों से उत्पादित दूध खरीदा जाता है और उसे सांची ब्रांड के नाम से बेचा जाता है।

### निर्णय के पीछे अब तक कई राय!

जब एमओयू होने जा रहे थे तब कांग्रेस की ओर से आरोप लगाए जा रहे थे कि सरकार इतने बड़े सेक्टर को एनडीडीबी के जरिए किसी अन्य संस्था को दे रही है हालांकि सरकार की ओर से तब इसका खंडन किया गया था। हालांकि कहा यह भी जाता है कि अंदरखाने भाजपा के ही कुछ नेता दुग्ध संघों को राष्ट्रीय डेयरी विकास को दिए जाने के निर्णय से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि ये संस्थाएं मप्र सरकार के अधीन ही रहनी चाहिए थी, ताकि किसानों का ज्यादा से ज्यादा भला हो पाता।

## ट्रंप ने कहा-मोदी मुझसे बेहतर नेगोशिएटर

**नई दिल्ली/वाशिंगटन, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अमेरिका दौरा खत्म कर दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। उन्होंने भारतीय समय के मुताबिक रात 3 बजे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से व्हाइट हाउस पहुंचे। दोनों नेता करीब ढाई घंटे तक साथ रहे। इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत हुई। ट्रम्प-मोदी ने दो बार मीडिया से भी बात की। इस दौरान ट्रंप ने टैरिफ मामले पर मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें एक टफ नेगोशिएटर (मोलभाव करने वाला) बताया। उन्होंने कहा कि मोदी उनके अच्छे दोस्त हैं और वे अच्छा काम कर रहे हैं। वो मुझसे भी बेहतर नेगोशिएटर हैं।

ट्रम्प ने भारत को एफ-35 फाइटर जेट देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने 08 में मुंबई हमले के आतंकी तहव्वुर राणा को भारत भेजने की बात कही। मोदी ने दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने पर ट्रम्प को बधाई दी और कहा कि मुझे ट्रम्प के साथ दोबारा काम करने का अवसर मिला है। मेरे और ट्रंप के मिलने का मतलब एक और एक ग्यारह है। अवैध अप्रवासी मामले मे मोदी ने कहा कि जो लोग अवैध रूप से दूसरे देशों में रहते हैं, उन्हें वहां रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। जो भारत के नागरिक हैं और अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे हैं, उन्हें वापस लाने के लिए तैयार हैं। ज्यादातर को गुमराह करके लाया जाता है। अमेरिका और भारत दोनों को मिलकर इस सिस्टम को जड़ से खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए। मोदी ने कहा कि सीमा के दूसरी तरफ से पैदा होने वाले आतंकवाद को खत्म करने के लिए ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए। यूक्रेन युध्द के बीच ट्रंप ने शांति का जो इनीशिएटिव लिया है, मैं उसका पूरी तरह से समर्थन करता हूं।



अमेरिका में दो घंटे की मुलाकात के बाद कई फलितार्थ

### अडानी पर मोदी बोले-यह व्यक्तिगत मामला, इस पर बात नहीं

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज फिर अडाणी मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी को घेरा। राहुल ने लिखा कि अडाणी मामले पर पीएम से देश में सवाल पूछो तो वे चुप्पी साध लेते हैं। जब विदेश में सवाल किया गया तो इसे निजी मामला बताया। दरअसल, पीएम मोदी से अमेरिका दौरे पर पत्रकारों ने सवाल पूछा था कि क्या राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ मीटिंग में गौतम अडाणी के केस पर कोई चर्चा हुई? इस पर पीएम ने जवाब दिया कि ऐसे व्यक्तिगत मामलों में हमारे बीच कोई बातचीत नहीं हुई है। पीएम बोले कि हमारे संस्कार और संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम की है। हम पूरे विश्व को अपना एक परिवार मानते हैं। हर भारतीय को मैं अपना मानता हूं। दूसरी बात है कि ऐसे व्यक्तिगत मामलों के लिए दो देशों के मुखिया न मिलते हैं, न बैठते हैं और न बात करते हैं।

## महाकुंभ में परमानंद महाराज की तबीयत बिगड़ी, एयरलिफ्ट किया

**प्रयागराज, एजेंसी**

महाकुंभ में अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के ट्रस्टी परमानंद महाराज की तबीयत बीती रात बिगड़ गई। सीने में दर्द के बाद उन्हें केंद्रीय अस्पताल महाकुंभ लाया गया। यहां उनको आईसीयू में रखा गया। इसके बाद एयर लिफ्ट कर उन्हें दिल्ली एम्स भेजा गया है। इधर आज महाकुंभ का 33वां दिन है। सुबह आठ बजे तक 20.20 लाख लोगों ने स्नान किया है। जबकि 13 जनवरी से अब तक 49.11 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। प्रशासन का अनुमान है कि आज 50 करोड़ का आंकड़ा पहुंच सकता। वहीं महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस ने आज संगम में डुबकी लगाई है।



**हमला:** उधर, महाकुंभ में किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरि उर्फ छोटी मां पर गुरुवार रात हमला हुआ। कुछ लोगों ने आशीर्वाद के बहाने कार रुकवाई और चाकू से हमला कर दिया। मामले की जांच की जा रही है।

## अब ग्वालियर में खनन माफिया का एसडीएम टीम पर हमला

**ग्वालियर।** अवैध खनन माफिया की दबंगई का फिर एक मामला सामने आया है। बीती देर शाम एसडीएम सूर्यकांत त्रिपाठी की टीम ने बिना रॉयल्टी गिट्टी ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने का प्रयास किया तो माफिया ने न केवल एसडीएम के गनमैन के साथ धक्का-मुक्की की, बल्कि अपने साथियों की मदद से गिट्टी से भरी ट्रॉली लेकर फरार हो गए।

## इलाहबादिया को सुप्रीम कोर्ट से झटका, शीघ्र सुनवाई से इंकार

### भद्दे कमेंट के चलते कई एफआईआर



**नईदिल्ली, एजेंसी**

भद्दे कमेंट की वजह से पूरे देश में आलोचना का शिकार हो रहे कामेडियन रणवीर इलाहाबादिया को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज कई एफआईआर पर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए इस पर तुरंत सुनवाई का आग्रह किया लेकिन इलाबादिया को कोर्ट से झटका लगा है और अदालत ने शीघ्र सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने रणवीर के वकील अभिनव चंद्रचूड़ से कहा कि वो मौखिक तौर पर जल्द सुनवाई की मांग पर विचार नहीं करेंगे। जस्टिस संजीव खन्ना ने इलाहाबादिया के वकील को पहले रजिस्ट्री मे संपर्क करने को कहा। रणवीर इलाहाबादिया ने कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। वकील चंद्रचूड़ ने कहा कि कई राज्यों मे रणवीर के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज हैं। उनको गुवाहाटी पुलिस ने आज पूछताछ के लिए बुलाया है। लिहाजा कोर्ट उसके खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर की जांच और सुनवाई एक जगह करने का आदेश दे। ज्ञात् हो कि महाराष्ट्र और असम सहित कई राज्यों में रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ सामाजिक मर्यादा भंग करने, सार्वजनिक तौर पर अश्लील और अमर्यादित टिप्पणियों वाले शो संचालित करने के आरोप में मामले दर्ज हैं।


**मेट्रो एंकर**

### मुख्य कोच गंभीर पर सख्त हुआ बीसीसीआई, दिशा-निर्देशों की याद दिलाई

# उनका पीए कार में भी और होटल में भी..क्यों?

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अनुशासन का पालन कराने के लिए जो 10 सूत्रीय दिशा निर्देश जारी किए थे उसके तहत अब वह मुख्य कोच गौतम गंभीर पर सबसे पहले सख्त हुआ है। चैंपियंस ट्रॉफी में इन नियमों का सख्ती से पालन भी कराये जाने के संकेत मिले हैं। सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को चैंपियंस ट्राफी दौरे से पहले आधिकारिक दस्तावेज भेजकर इसका पालन अनिवार्य रूप से करने को कहा गया है। बीसीसीआई अब अनुशासन मामले में कितना गंभीर है, इसका अंदाजा निजी स्टाफ की रहने की व्यवस्था से लगने लगा है। दरअसल गंभीर के निजी सहायक को खिलाड़ियों वाले होटल में रहने से मना कर दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान गंभीर के निजी सहायक बीसीसीआई की नाराजगी का कारण बने थे। क्योंकि वे नियमित रूप से टीम होटल में रहते थे। तब अलग होटल में रहने कहा गया। इस बारे में बोर्ड अफसरों ने जो रिपोर्ट भेजी थी उसमें हालांकि गंभीर का नाम नहीं लिया गया है, लेकिन मुख्य कोच के अलावा किसी भी भारतीय कोचिंग स्टाफ के साथ निजी सहायक टीम के साथ यात्रा नहीं करते हैं। लिहाजा इशारा साफ है। बताते हैं आस्ट्रेलिया में हर महत्वपूर्ण टीम मीटिंग में गंभीर के निजी सहायक की मौजूदगी ने बीसीसीआई अधिकारियों को नाराज कर दिया था। एक नाराज अधिकारी ने कहा था- उनका निजी सहायक राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के लिए निर्धारित कार में क्यों बैठा ? वे कार में किसी अनजान तीसरे व्यक्ति के साथ निजी बातें भी नहीं कर सकते। उसे एडिलेड में बीसीसीआई के हॉस्पिटैलिटी बॉक्स में जगह क्यों दी गई ? अधिकारी ने उस व्यक्ति के केवल खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए निर्धारित नाश्ते के क्षेत्र में मौजूदगी पर भी सवाल उठाया था। उन्होंने पूछा था- वह फाइव स्टार होटल के उस क्षेत्र में नाश्ता कैसे कर रहा था, जो सिर्फ टीम के सदस्यों के लिए था? माना जाता है कि इसके बाद हाल में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान चीजें तेजी से बदल गईं गंभीर का पीए भारत के मैचों के वेन्यू पर मौजूद तो था, लेकिन उसने खिलाड़ियों और आधिकारिक समारोहों से दूरी बनाए रखी और अब वह एक अलग होटल में रह रहा है, जो बीसीसीआई के आदेश का सीधा असर माना जा रहा है।



### चैंपियंस ट्रॉफी में खिलाड़ियों के साथ परिवार नहीं

भारतीय क्रिकेट के सबसे बड़े सितारों रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत, केएल राहुल ने बीसीसीआई के सख्त निर्देशों के बाद रणजी ट्रॉफी मैचों के लिए खुद को उपलब्ध कराया, वे मैच खेलने उतरे अब बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी के ठीक पहले खिलाड़ियों को विदेश यात्रा के दिशानिर्देशों की याद दिलाई है। खिलाड़ियों के यात्रा भागीदारों पर नजर रहेगी। पिछले कुछ विदेशी दौरों के दौरान कई टॉप क्रिकेटरों के साथ उनके परिवार के सदस्य भी थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। हालांकि दौरे की अवधि तीन सप्ताह से थोड़ी ज्यादा है।





# वैलेंटाइन-डे की धूम, गिफ्ट्स की बढ़ी डिमांड

भोपाल, दोपहर मेट्रो। शहरभर में वैलेंटाइन डे का क्रेज जोरों पर है, और इसका सबसे खास नज़ारा 10 नंबर मार्केट की आर्चीज गैलरी में देखने को मिल रहा है। यहां सुबह से ही कपल्स और युवाओं की भीड़ उमड़ रही है, जो अपने पार्टनर्स के लिए खास गिफ्ट्स खरीदने पहुंचे हैं।

### गिफ्ट्स की वाइड रेंज

इस साल वैलेंटाइन डे के मौके पर आर्चीज गैलरी में कई तरह के ट्रेंडी और क्लासिक गिफ्ट्स उपलब्ध हैं। यहां टेडी बियर्स, चॉकलेट बॉक्स, परफ्यूम्स, लव एक्सप्रेशन कार्ड्स, कस्टमाइज्ड मग्स और फोटो फ्रेम्स की जबरदस्त डिमांड देखने को मिल रही है। खासतौर पर 'आई लव यू' थीम वाले गिफ्ट्स और रेड-रोज थीम प्रोडक्ट्स सबसे ज्यादा बिक रहे हैं।

### युवाओं में भारी उत्साह

गैलरी में आए युवाओं का कहना है कि वे इस खास दिन को यादगार बनाने के लिए बेहतरीन गिफ्ट्स की तलाश में हैं। एक ग्राहक ने कहा, हर साल हम अपने पार्टनर को सरप्राइज़ करने के लिए कुछ नया सोचते हैं। इस बार मैंने कस्टमाइज्ड गिफ्ट्स चुने हैं, ताकि इसे और भी खास बनाया जा सके।

### बिक्री में जबरदस्त उछाल

दुकानदारों के मुताबिक, वैलेंटाइन वीक शुरू होते ही गिफ्ट्स की बिक्री में 40 प्रतिशत तक का उछाल देखा गया है। आर्चीज गैलरी के मालिक ने बताया, इस साल खासतौर पर कस्टमाइज्ड गिफ्ट्स की डिमांड ज्यादा है। लोग अपने पार्टनर्स के नाम और फोटोज वाले गिफ्ट्स पसंद कर रहे हैं।

### शहर में रोमांटिक माहौल

भोपाल में सिर्फ आर्चीज गैलरी ही नहीं, बल्कि अन्य गिफ्ट शॉप्स, कैफे और



रेस्टोरेंट भी वैलेंटाइन डे के रंग में रंगे हुए हैं। शहरभर के मॉल और कैफे को लाल और गुलाबी थीम से सजाया गया है, जिससे माहौल और भी रोमांटिक हो गया है। वैलेंटाइन डे का यह जश्न भोपाल के युवाओं के बीच प्यार और दोस्ती का संदेश फैलाने के साथ-साथ गिफ्ट शॉप्स के कारोबार को भी नई ऊंचाइयां दे रहा है।

# रायसेन रोड किनारे काटे पचास साल से ज्यादा पुराने कई पेड़

- 2 साल में काटे पांच हजार पेड़, 300 से अधिक पेड़ों को काटने काम रुका
- एनजीटी का सख्त रवैया, आगे बिना अनुमति कटाई पर रोक
- बंगरसिया में अनुमति, कम होती हरियाली पर एनजीटी ने मांगा जवाब

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

राजधानी में बीते दो साल में पांच हजार पेड़ कम हो गए हैं। सड़क परियोजना के नाम पर इनकी कटाई हुई। कोलार में जहां 4105 पेड़ हटाए गए तो वहीं बंगरसिया सड़क निर्माण 1100 काटे गए। हाल का मामला रायसेन रोड का है जहां पचास साल से ज्यादा पुराने पेड़ हटाए जा रहे हैं। लगातार कम होती हरियाली पर एनजीटी ने सत रुख तो अपनाया, लेकिन धरातल पर इसका असर नहीं दिखा। आदेश का उल्लंघन करते हुए कटाई अब भी जारी है। शहर में सड़कों के चौड़ीकरण के लिए काम चल रहा है। जिसके चलते हरियाली कम हो गई। बंगरसिया सड़क परियोजना के लिए नगर निगम ने 1300 पेड़ों को काटने की अनुमति दी। सड़क निर्माण का काम कर रही पीडब्ल्यूडी एक हजार पेड़ों की कटाई भी कर चुका है। रायसेन रोड भी सालों पुराने पेड़ों को बीते एक महीने में काटा गया।

मामले में एनजीटी में याचिका दायर की गई। पेड़ों की कटाई पर सख्त रुख अपनाते हुए एनजीटी ने रोक लगा दी। जिसके बाद बंगरसिया परियोजना में तीन सौ पेड़ बच गए। यहां 1300 में से एक हजार की कटाई हो चुकी है। शिकायतकर्ता ने कहा, पेड़ों को अवैध रूप से काटा गया है। नियमों का पालन नहीं हुआ। कोलार में भी पेड़ों की कटाई नियमों को अनदेखा करते हुए की गई। विकास के नाम पर हरियाली से खिलवाड़ हो रहा है। ईई पीडब्लूडी के एक अधिकारी ने बताया कि नगर निगम ने करीब 1300 पेड़ों को कटाने की अनुमति दी है। इनमें से एक हजार की कटाई हो चुकी है। एनजीटी के निर्देश के बाद बाकी की कटाई रोक दी गई है।



### अस्सी फीट रास्ता चौड़ा करने चल रहा काम

प्रभात चौराहे के पास रायसेन रोड पर रास्ता अस्सी फीट चौड़ा किया जा रहा है। इसके बीच में आए पेड़ों को हटाया गया है। इनमें पचास साल पुराने नीम सहित दूसरी प्रजाति के पेड़ हैं। सड़क को चौड़ा करने के लिए काम जारी है।

## स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम

**भोपाल.** आरकेडीएफ के 31वे स्थापना दिवस एवं चेयरमैन डॉ सुनील कपूर के 68वे जन्मदिन के अवसर पर भाभा विश्वविद्यालय द्वारा विविध कार्यक्रम किये गये। सोशल सर्विस टीम के सदस्यो द्वारा मातृ छाया संस्थान में शिशुओं के उपयोग संबंधी रोजमर्रा उपयोग में आने वाले जैसे कि फॉर्मूला मिल्क, डायपर्स, हिमालय किट्स, बेबी



फ़ूड, मेडिसिन, बेडशीट्स एवं आवश्यक कपड़ों का वितरण किया गया। निर्धन लोगो को कम्बल वितरण,सभी ग्रुप डी कर्मचारियों को स्टीम आयरन का वितरण, शहर में कई जगहों पर निशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है । मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों ने सोलर बेस्ड ई रिक्शा बनाकर इसका अनावरण किया।

## बटुकों का उपनयन संस्कार



**भोपाल।** प्राचीन धार्मिक आस्था के केंद्र रामानंद आश्रम गुफा मंदिर धाम में महामंडलेश्वर देवाचार्य महंत रामप्रवेशदास महाराज के सानिध्य में संस्कृत पाठशाला के बटुकों का उपनयन संस्कार यज्ञोपवीत का कार्यक्रम में बटुकों का मुंडन हुआ। वैदिक पद्धति से प्रायश्चित दशविध स्नान कराया गया। उपरांत गणपति आदि देव पूजन किया जिसमें सभी बटुकों ने पूजन किया कल सुबह 10 बजे यज्ञोपवीत एवं गुरू मंत्र की दीक्षा होगी। यह वैदिक विधान रामानंद संस्कृत महाविद्यालय के आचार्य पं. रमेश प्रसाद त्रिपाठी के आचार्यत्व किया जा रहा।

# जरुरतमंदों के हर दुख-सुख के साथ रहेगा राष्ट्रीय सिंधी मंच: मनसुखानी

### राष्ट्रीय सिंधी मंच संत नगर शाखा के पदाधिकारियों को मिले नियुक्ति पत्र

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

राष्ट्रीय सिंधी मंच नई दिल्ली की संतनगर शाखा के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष सपना कुकरेजा के समर्थन से नियुक्तियां की गई हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य सलाहकार कमल मनसुखानी, अतिथि नरेश वासवानी थे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष हरीश तीर्थानी ने की।



मनसुखानी ने कहा, शहर में अभी ऐसी कई समस्याएं है जो वास्तव में किसी को दिख नहीं रही। ऐसे पी?तों के साथ रहकर उनकी समस्याओं को राष्ट्रीय सिंधी मंच हल हल कराएगा संस्था द्वारा समाज सेवी नवीन भोजवानी सांई का सम्मान किया गया।

**ये है पदाधिकारी :** राष्ट्रीय सिंधी मंच शाखा संतनगर के मुख्य सलाहकार-कमल मनसुखानी, अध्यक्ष-गुरदास रामचंदानी, महासचिव-राज मनवानी, उपाध्यक्ष-महेश खटवानी, रूपचंद सोनी, संजू आहूजा, मनीष वासवानी, सचिव-कमलेश देवानी, कोषाध्यक्ष-आमप्रकाश रीझवानी, ऑडिटर एवं मीडिया प्रभारी राजेश केवलानी, सांस्कृतिक सचिव-दिलीप वासवानी संस्था पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

# अनावश्यक एप्स न खोलें, साइबर क्राइम से बचें: गौतम

### संतनगर मेडिकल कॉलेज में साइबर पर जागरुकता कार्यक्रम

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संत हिरदाराम प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान महिला महाविद्यालय में दिन प्रतिदिन बढ़ते सायबर अपराध के प्रति छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सायबर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। पुलिस थाना संत हिरदाराम नगर के थाना प्रभारी अशोक गौतम के द्वारा छात्राओं को बताया गया कि आज सभी इंटरनेट का प्रयोग कर रहे है। जब हम इंटरनेट का प्रयोग करते है तो पूरी दुनिया के संपर्क में रहते है। ऐसे में सायबर अपराधियों को हमारी सारी जानकारी मिल जाती है। इसलिए आवश्यक है कि हम अनावश्यक एप्स का प्रयोग न करें, बैंक के साइबर सिक्योरिटी फीचर्स का प्रयोग करें, न किसी अनजान लिंक पर क्लिक करें और नहीं अपना आई.डी./पासवर्ड किसी के साथ शेयर करें, मोबाइल पर हम जितना कम रेस्पांस करेंगे उतना सुरक्षित रहेंगे। किसी भी प्रकार का सायबर अपराध/घटना घटित होने पर निकटतम पुलिस थाने में सूचित करें। महाविद्यालय के निदेशक हीरो ज्ञानचंदानी ने कहा कि हमारी छात्राओं के लिए यह जानकारी बेहद महत्वपूर्ण है और संत हिरदाराम थाना सायबर अपराध के नियंत्रण में सदैव अग्रणी रहा है।



स्वागत उद्बोधन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अंकेश सिंह ने दिया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. भगतानी के द्वारा किया गया।

## सेवासदन के आई कैंप में 163 की जांच, 59 के मोतियाबिंद के ऑपरेशन होंगे

**हिरदाराम नगर.** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से समाजसेवी सुमित केड़िया ने गुरूवार को जहांगीराबाद स्थित निरंकारी मण्डल भवन में निर्धन नेत्र रोगियों के लिये एक निःशुल्क नेत्र रोग निदान और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगवाया । केड़िया हर साल अपनी मां सुमित्रा केड़िया की स्मृति में शिविर लगवाते हैं। शिविर में 163 मरीजों की आंखों की जांच की गई , इनमें से 59 व्यक्तियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिये चिन्हित किया गया । इन सभी को सेवा सदन के एम्बुलेंस से संतनगर लाकर अस्पताल में भर्ती किया गया है । इन रोगियों के ऑपरेशन शुक्रवार को किये जायेंगे । शिविर में संत सेवक एल.सी. जनियानी, समाजसेवी सुमित केड़िया, पियुषी केड़िया, जय भगवान अग्रवाल, डॉ. शशिकान्त जोशी, आलोक सिंह और सेवा सदन के मनोज धवायि उपस्थित थे।



### परीक्षा पूर्व तैयारी पर विशेष सत्र का आयोजन

# सिद्धभाऊजी ने दिए बोर्ड परीक्षा में सफलता के सूत्र

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल, गांधी नगर, भोपाल के सभागार में बोर्ड परीक्षा देने वाली छात्राओं के लिए %परीक्षा पूर्व तैयारी% विषय पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। मार्गदर्शक सिद्धभाऊजी ने बच्चों से संवाद किया, परीक्षा में सफलता के सूत्र बताए। भाऊजी ने छात्राओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, अनुशासित दिनचर्या बनाने, प्रातःकाल अध्ययन करने, संतुलित आहार लेने, मोबाइल का सीमित उपयोग करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु सामान्य ज्ञान व समाचार पत्र के अध्ययन पर बल दिया। आपने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, कड़ी मेहनत, समय प्रबंधन, ध्यान केंद्रित कर अध्ययन करने तथा परीक्षा संबंधी तैयारी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।




सत्र के दौरान भाऊजी ने छात्राओं को यह समझाया कि बिना साधना के सिद्धि प्राप्त नहीं होती। विद्यार्थी को एक योगी की भाँति त्याग, तपस्या, मेहनत और एकाग्रता के साथ अध्ययन करना चाहिए। परीक्षा के समय आवश्यक सामग्री जैसे एडमिट कार्ड, पेन, पेंसिल, स्केल, पानी की बोतल एवं मिश्री आदि की उचित व्यवस्था रखने की भी सलाह दी गई। परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र प?कर घबराए बिना शांतचित्त होकर उत्तर लिखने एवं समय प्रबंधन का ध्यान रखने पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी के सचिव घनश्याम बूलचंदानी, विद्यालय की प्राचार्य प्रिया जैन शर्मा, कोऑर्डिनेटर लता आसनानी, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन लीना कसाल द्वारा किया गया।

### मोबाइल से ज्यादा आउटडोर खेल खेलना जरूरी

# विज्ञान प्रदर्शन में बच्चों ने दिखाया अपना हुनर

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संस्कार विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा वैज्ञानिक परियोजनाओं और मॉडल का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ सिविल हास्पिटल के अधीक्षक डॉ जे.के. जैन, कर्नल नारायण पारवाणी व अन्य अतिथियों ने किया।

संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि स्वागत भाषण दिया। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने विज्ञान प्रदर्शन के बारे में बताते हुए कहा कि ये जो प्रोजेक्ट आप देख रहें हैं, वह कोई खिलौने नहीं हैं, बल्कि यह सब वास्तविक चीजें हैं, जिसकों बनाने में विद्यार्थियों द्वारा कड़ी मेहनत की है। सिविल हॉस्पिटल के अधीक्षक जे.के. जैन ने कहा कि अगर आप स्वस्थ रहेंगे तो आपका मस्तिष्क भी स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने के लिए मोबाइल से ज्यादा आउटडोर खेल खेलना जरूरी है, स्वस्थ मस्तिष्क से आपका प?ाई में भी मन लगेगा, पढ़ाई हमेशा एकाग्रचित होकर करनी चाहिए।
कर्नल नारायण पारवानी और शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि यदि देश में वैज्ञानिक पैदा नहीं होगें, तो देश कैसे आगे बढ़ेगा, प्रोजेक्ट बनाने का उद्देश्य देश की प्रगति दर्शाता है, हमें इंजीनियर और डॉक्टर के साथ सेना भर्ती एवं वैज्ञानिक बनने में भी रूचि लेनी चाहिए। सिन्धी कांउसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष गुलाब जेठानी एवं महासचिव राजेश बेलानी ने भी अपनेविचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, मृदुला गौतम, कोर्डिनेटर सीमा शर्मा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



## पालक महासंघ का दावा: 34 हजार 662 निजी स्कूलों में से मात्र 317 ने दी जानकारी

# अंतिम तिथि के 14 दिन बीते, स्कूलों ने सार्वजनिक नहीं किया फीस का ब्यौरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




प्रदेश में निजी स्कूलों की मनमानी जारी है। फीस, पुस्तकों सहित अन्य ब्यौरा सार्वजनिक करने के आदेश के बाद भी निजी स्कूलों की ओर से अब तक ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया गया है। जबकि शासन की द्वारा नए सत्र को ध्यान में रखते हुए दिशा-निर्देश जारी किए गए है, लेकिन आदेश का पालन नहीं हो सकता है। ऐसे में अभिभावक परेशान हैं। मामले में पालक महासंघ के महासचिव प्रबोध पंडया का कहना है कि पूरे प्रदेश में संचालित करीब 34 हजार 662 निजी स्कूलों में से अब तक मात्र 317 स्कूलों की ओर से फीस की जानकारी सार्वजनिक की गई है और वह भी अधूरी है।?हालात यह हैं कि राजधानी भोपाल में ही अधिकारी आदेशों का पालन नहीं करा पा रहे हैं। स्कूलों के पोर्टल पर अब भी जानकारी उपलब्ध नहीं है।?बार-बार शासन-प्रशासन को पत्र लिखने और अवगत कराने के बाद भी इस मामले में कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। ऐसे में अभिभावक परेशान हैं।

### आदेश तो जारी हुए, लेकिन अमल नहीं हो सका

शासन-प्रशासन द्वारा प्रवेश, यूनिफार्म सहित पुस्तकों को लेकर कुछ माह पूर्व सख्त निर्देश जारी करते हुए 30 जनवरी तक ब्यौरा सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए थे। इसके साथ ही स्कूलों को आगामी शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के पहले अनिवार्य रूप से लेखक एवं प्रकाशक के नाम, मूल्य के साथ कक्षा वार पुस्तकों की सूची स्कूल के सूचना पटल पर प्रदर्शित करने की बात कही गई थी। स्कूलों को निर्देश दिए गए थे कि वह प्रत्येक कक्षा में लगने वाली पाठ्यपुस्तकों एवं प्रकाशक की जानकारी को वेबसाइट पर अनिवार्यतः अपलोड करेंगे। इसके साथ ही हॉर्ड कॉपी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करानी होगी, लेकिन इस आदेश पर अमल नहीं हो सका है। नतीजन अभिभावक परेशान हैं।

## जेईई मेन्स-2025 के परिणाम जारी, 14 विद्यार्थियों को 100 फीसदी अंक

**भोपाल।** एनटीए ने डेडलाइन से एक दिन पहले जेईई मेन्स 2025 सेशन-एक के प्रथम पेपर बीटेक बीई के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। जारी बुलेटिन के अनुसार जेईई मेन रिजल्ट 12 फरवरी 2025 तक जारी होना था। जेईई मेन 2025 परीक्षा में 14 विद्यार्थियों को 100 परसेंटाइल यानि शत प्रतिशत अंक मिले हैं। इन सभी 14 में से सबसे अधिक 5 विद्यार्थी राजस्थान से हैं। 2 दिल्ली से, 2 उत्तर प्रदेश, एक-एक कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से है। इस सूची से मध्य प्रदेश बाहर रहा है। इस साल जेईई मेन पेपर-वन बीई बीटेक के लिए 13,11, 544 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, इनमें से 12,58,136 ने परीक्षा में भाग लिया। उपस्थिति कुल 95.93 फीसदी रही। इसके लिए परीक्षा 22, 23, 24, 28 और 29 जनवरी 2025 को देश भर में 13 भाषाओं में आयोजित की गई थी।

# नाथ-दौर के 27 फीसद ओबीसी आरक्षण फैसले के पक्ष में सरकार

### सीएम और सीएस के बीच कानूनी पक्ष पर चर्चा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

कमलनाथ सरकार में ओबीसी वर्ग को शुरू किए गए 27 फीसद आरक्षण के पक्ष में मोहन सरकार भी आ गई है। खुद सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उनकी सरकार 27 फीसद आरक्षण देना चाहती है, इसके लिए वह सुप्रीम कोर्ट का रूख करेगी ताकि जल्द सुनवाई हो। सीएम ने इस मामले में मुख्य सचिव अनुराग जैन के साथ बैठक की। जिसमें सभी कानूनी विषयों और प्रचलित याचिकाओं व उन पर होने वाली सुनवाई पर कानूनी पक्षों पर चर्चा की।



फाइल फोटो

### सीएम ने कहा-एडवोकेट जनरल से की गई बातचीत

भाजपा सरकार शुरू से ही ओबीसी वर्ग को 27 फीसद आरक्षण मिले, इसके पक्ष में है । मैंने एडवोकेट जनरल से बात की है और कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट में जल्द सुनवाई के लिए अर्जी लगाए। सभी वर्गों को तय मापदंड के आधार पर आरक्षण का लाभ मिलते रहना चाहिए, इसमें किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहने देंगे। उल्लेखनीय है कि हालांकि हाल में उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में 27 फीसद आरक्षण के खिलाफ दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया। ताजा निर्णय के पहले और इसके बाद 27 फीसद आरक्षण के पक्ष में और विरोध में अलग-अलग पक्षों ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया था, केविएट लगाई, इसी बीच सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को उक्त मामले में सुनवाई से रोका। अभी तक 27 फीसद आरक्षण को लेकर सरकार को इसके तहत लाभ दिए जाने की छूट नहीं मिली है।


### इस तरह चल रही 27 फीसद की लड़ाई

दरअसल, 2019 में कमलनाथ सरकार के समय ओबीसी वर्ग को 14 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया, जिसे कुछ लोगों ने कोर्ट में चुनौती दे दी। ओबीसी के 27 फीसद आरक्षण की सभी बाधाओं को दूर करने के लिए जुलाई 2019 में विधानसभा से 27 फीसद ओबीसी आरक्षण का कानून भी पारित हुआ। 19 मार्च 2019 को हाईकोर्ट ने पोस्टग्रेजुएट मेडिकल कोर्सेज के लिए 27 फीसद ओबीसी आरक्षण पर स्टे दिया। यह स्थगन सिर्फ कुछ नौकरियों के लिए था। 18 अगस्त 2020 को भाजपा सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता ने उच्च न्यायालय में यह मत दिया कि 14 फीसद आरक्षण के साथ ही सभी सरकारी विभागों में भर्तियां की जाएं। जनवरी 2021 में भाजपा सरकार ने हाई कोर्ट में आवेदन दिया कि 14 फीसद आरक्षण के साथ ही भर्तियां कर ली जाएं और 13 फीसद को होल्ड पर रखा। भाजपा सरकार के अभिमत के बाद जुलाई 2021 को हाईकोर्ट ने 14 फीसद ओबीसी आरक्षण के साथ भर्ती करने का और 13 फीसद आरक्षण को होल्ड करने का आदेश दिया।

# आरजीपीवी के दो यूजी पाठ्यक्रमों को 3 साल के लिए एनबीए की मान्यता

### शैक्षणिक सत्रों 2024-25 से 2026-27 तक एनबीए एक्रीडिटेशन प्रदान किया गया

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**




राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी) आरजीपीवी भोपाल कैंपस के स्नातक स्तर के दो पाठ्यक्रम बी.टेक- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग तथा बी.टेक-इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग प्रोग्राम को नेशनल बोर्ड ऑफ अक्रिडिटेशन (एनबीए) द्वारा तीन शैक्षणिक सत्रों 2024-25 से 2026-27 तक तीन वर्ष के लिए एनबीए एक्रीडिटेशन प्रदान किया गया है। यूआईटी आरजीपीवी को एनबीए से प्राप्त सूचना के अनुसार उक्त दो पाठ्यक्रमो का एक्रिडिटेशन 30 जून 2027 तक प्रभावी रहेगा। यूआईटी आरजीपीवी निदेशक प्रो. सुधीर सिंह भदौरिया ने बताया कि विगत दिसम्बर माह में एनबीए की टीम ने यूआईटी आरजीपीवी द्वारा किये गए आवेदन के अनुसार इन दा विभागों का निरीक्षण किया था। विभागों की शैक्षणिक उपलब्धि, नवाचार एवं गतिविधियों के आधार पर एनबीए द्वारा प्रत्यायन एनबीए द्वारा तीन वर्ष के लिए दिया है।

# इनोवेशन कार्निवल नवोन्मेष 2025 के लिए 25 तक करा सकेंगे अपना पंजीयन

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में 5 लाख रुपए तक के पुरस्कार जीतने का मिलेगा मौका

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

अटल इंक्यूबेशन सेंटर-रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी (एआईसी-आरएनटीयू) द्वारा स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी के सहयोग से मध्य भारत के सबसे बड़े इनोवेशन कार्निवल नवोन्मेष 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उद्यमिता, रचनात्मकता और प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को बडढ़ावा देना है। स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी में होने वाले इस कार्यक्रम में 10,000 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें छात्र, स्टार्टअप, बिजनेस लीडर्स, निवेशक और नीति निर्माता और स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े सभी लोग शामिल होंगे। प्रतिभागियों के लिए इसमें 5 लाख रुपए तक के पुरस्कार जीतने का मौका होगा। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 फरवरी 2025 है। इसमें प्रतिभागियों को उद्योग विशेषज्ञों, सरकारी अधिकारियों, निवेशकों और स्टार्टअप सलाहकारों से संपर्क करने का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें निरंतर विकसित हो रहे व्यवसाय और प्रौद्योगिकी परिदृश्य में मूल्यवान जानकारी प्राप्त होगी। पैनल चर्चाओं, व्यावहारिक कार्यशालाओं और मेंटरशिप कार्यक्रमों के माध्यम से नवोन्मेष 2025 उपस्थित लोगों को उनके विचारों और उपक्रमों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान, कौशल और संसाधनों से लैस करेगा। इसके अलावा भी विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी।

# स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम किए आयोजित

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



आरकेडीएफ के 31वे स्थापना दिवस एवं चेयरमैन डॉ सुनील कपूर के 68वे जन्मदिन के अवसर पर भाभा विश्वविद्यालय द्वारा विविध कार्यक्रम किये गये। सोशल सर्विस टीम के सदस्यो द्वारा मातृ छाया संस्थान में शिशुओं के उपयोग संबंधी रोजमर्रा उपयोग में आने वाले जैसे कि फॉर्मूला मिल्क, डायपर्स, हिमालय किट्स, बेबी फ़ूड, मेडिसिन, बेडशीट्स एवं आवश्यक कपड़ों का वितरण किया गया। निर्धन लोगो को कम्बल वितरण,सभी ग्रुप डी कर्मचारियों को स्टीम आयरन का वितरण, शहर में कई जगहों पर निशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है । मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों ने सोलर बेस्ड ई रिक्शा बनाकर इसका अनावरण किया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (विद्युत/यॉ.)

लोक निर्माण विभाग, वि./यॉ. संभाग क्र.–2, 13 ए, बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक ,भोपाल (म.प्र.)
website.www.mppwd.gov.in, Email id-eepwdelect.2@gmail.com Phone No.0755-2770397

कंमाक 343/वाहन निविदा/2024–25 भोपाल, दिनांक 11/02/2025
NIT No. 32/SAC/2024-25 Dt. 30-01-2025

"निविदा सूचना"
द्वितीय आमंत्रण

म.प्र के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत टैक्सी परमीट वाहनों को कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (वि./यॉ.) संभाग क्रमांक–02, भोपाल बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक भोपाल, के अन्तर्गत उपसंभागों के लिए निम्न प्रकार के वाहन शासकीय उपयोग/निर्माण कार्यो के निरीक्षण हेतु मासिक दर लिये जाने हेतु मुहरबंद निविदायें **दिनांक 24/02/2025 सांय 5:30** तक शासकीय स्पीड पोस्ट पंजीकृत डाक से आमंत्रित की जाती है।

| क. | वाहन का प्रकार | वाहन संख्या | शर्ते | मॉडल | वाहन जहॉ उपयोग में लिया जाना है। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Scorpio-N | 01 | चालक सहित किन्तु बिना डीजल | 01/07/2022 के बाद के क्रय एंव टैक्सी कोटे में पजीकृत | कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग क्रमांक 02 भोपाल हेतु। |
| 2 | Bolero-Neo | 5 | चालक सहित किन्तु बिना डीजल | 01/07/2022 के बाद के क्रय एंव टैक्सी कोटे में पजीकृत | सामान्यतः बैतूल, नर्मदापुरम विदिशा, राजगढ़, हरदा (वि/यां) उपसंभाग हेतु। |

निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय में दिनांक 20/02/2025 तक आवश्यक दस्तावेज के परीक्षण कराने के उपरांत रू. 2000.00/– (दो हजार रूपये मात्र) ऑनलाईन जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रू. 37,200/–(सैंतीस हजार दौ सौ रू.) मात्र की अमानत राशि कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (वि./यॉ.) संभाग क्र. 02 भोपाल, के नाम से बैंक एफ.डी.आर. अलग लिफाफे में देय होगी।


अमानत राशि के अभाव में निविदा नही खोली जावेगी। डाक विलंब से निविदा प्राप्त होने की जबाबदारी विभाग की नही होगी। दिनांक 25/02/2025 को इच्छुक निविदाकारो के समक्ष खोली जावेगी। निविदा संबधी विस्तृत विवरण व शर्तो में किसी भी कार्यालयीन दिवस में दिनांक 20/02/2025 तक कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
G- 22937/24 "स्वच्छता ही सेवा" लो.नि.वि. (वि./यॉ.) संभाग क्रं. 02 भोपाल


## वन्यप्राणियों के शिकार से जुड़े मामलों में 429 आरोपी पकड़े

**भोपाल।** प्रदेश में वन और वन्यप्राणियों को लेकर हुए अपराध से जुड़े अलग–अलग मामलों में 429 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी 11 राष्ट्रीय उद्यान, 8 टाइगर रिजर्व, 63 सामान्य वन मण्डल और 11 परियोजना मण्डल में पूर्व में हुए वन और वन्यजीव अपराधों में शामिल रहे है। वन विभाग और उससे जुड़ी विभिन्न एजेंसियों ने दिसंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप चलाया था, जिसके तहत ये कार्रवाई की गईं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य–जीव शुभरंजन सेन ने बताया कि ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप दल में वन विभाग के 22 हजार 610 अधिकारी–कर्मचारी लगाए थे, जिन पर 931 वन अपराधों में शामिल निगरानीशुदा 3160 आरोपी शामिल थे। इन अपराधों में 328 वाहन जप्त किए।

# फिनलैंड की संस्था पर्यटन के लिए वर्चुअल टूर बनाएगी




**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

एमपी टूरिज्म बोर्ड और फिनलैंड की संस्था वी रियल के बीच प्रदेश के पर्यटन स्थलों व ऐतिहासिक धरोहरों और संग्रहालयों पर वर्चुअल टूर करेगी। इसमें आधुनिक तकनीक की मदद ली जाएगी। सीएम डॉ. मोहन यादव और फिनलैंड के भारत में राजदूत किम्मो लाहदेविर्ता की मौजूदगी में मप्र सरकार व संस्था के बीच एमओयू हस्ताक्षर हो गए हैं। ये वर्चुअल टूर जीवंत अनुभूति देते हैं। इन वर्चुअल टूर के माध्यम से अब पर्यटन, इतिहास और संस्कृति में रूचि रखने वाले व्यक्ति, अपने देश में रहते हुए मध्यप्रदेश के इतिहास और समृद्ध संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। पर्यटन स्थलों और ऐतिहासिक धरोहरों का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने में मदद मिलेगी और विश्व के विभिन्न देशों से आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

## संपादकीय

# तेजस की दरकार और तर्क

बीते दिन की एक खबर सुर्खियों में रही कि वायुसेना प्रमुख ने लड़ाकू विमान तेजस की डिलीवरी में देरी पर गहरी नाराजगी जताई। उनका ऐसा करना कई नजरियों से बहुत महत्वपूर्ण भी है। इसके पीछे वायुसेना की ताकत और अन्य चुनौतियां भी देखी जा सकती हैं। इसीलिए बेंगलुरु में हो रहे एयरो इंडिया के दौरान वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के इस बयान का चर्चा में आ जाना हैरत पैदा करता है कि उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी एचएएल की क्षमता पर भरोसा नहीं है। हालांकि यह किसी आधिकारिक ब्रीफिंग का हिस्सा नहीं था, लेकिन यूट्यूब पर जारी विडियो एयरो इंडिया से जुड़े कार्यक्रम का है। वैसे यह कोई पहला मौका नहीं है जब देश के किसी वायु सेना प्रमुख ने एचएएल की ओर से सप्लाई में देरी को मुद्दा बनाया हो, लेकिन जिस तरह से और जिस मौके पर यह बयान आया, वह सामान्य नहीं है। देश की रक्षा तैयारियों को लेकर इस तरह के विवाद कोई अच्छा संदेश नहीं देते। दरअसल इस बयान के पीछे छुपी वायु सेना प्रमुख की चिंता समझी जा सकती है। एयरफोर्स को फाइटर जेट तेजस मिलने में एक साल से ज्यादा की देर हो चुकी है। इस तरह की देरी बहुत गंभीर है। इससे एयरफोर्स की लड़ाकू क्षमता इससे प्रभावित होती है। एयरचीफ मार्शल की इस शिकायत को हलके में नहीं लिया जा सकता कि बार-बार कहने और नई डेडलाइन देने के बाद भी उसका पालन नहीं हो पा रहा। सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इस तरह की देरी की क्या वजहें हैं। एचएएल यानि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की ओर से कहा गया है कि जो भी तकनीकी बाधाएं थीं, वे अब दूर हो गई हैं और इसीलिए आने वाले तीन वर्षों की समयावधि में एयरफोर्स को 83 तेजस दे दिये जाएंगे। मगर इस प्रक्रिया से कई तरह की जटिलताएं जुड़ी होती हैं। देरी की एक बड़ी वजह अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस की ओर से समय पर जरूरी एफ 404 इंजन की सप्लाई नहीं हो पाना भी बताया जाता है। दोनों देशों के बीच तकनीकी हस्तांतरण समझौतों की जटिलता भी इसमें आड़े आती है। इसके अलावा एयर चीफ मार्शल की बात को भारत की सीमा संबंधी चुनौतियों से जोड़कर भी देखा जाना जरूरी है। चीन की सैन्य क्षमता भारत से कहीं ज्यादा है। हाल ही में उसने छठी पीढ़ी के जे -36 फाइटर जेट्स की नुमाइश की थी, वहीं दो वर्षों में पाकिस्तान को उससे स्टेल्थ जेट भी मिलने वाले हैं। ऐसे में भारतीय वायुसेना को किसी भी संभावित चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहना होगा और उसके लिए समय पर तेजस की सप्लाई जरूरी है। लिहाजा लडाकू तेजस की आपूर्ति में देरी उस महत्वपूर्ण समय पर हो रही है, जब भारतीय वायुसेना अपनी घटती स्क्वाड्रन शक्ति से जूझ रहा है। मिग और जगुआर जैसे पुराने लड़ाकू विमानों के चरणबद्ध रूप से हटाए जाने के कारण वायुसेना को अपनी ऑपरेशनल क्षमता बनाए रखने के लिए नए विमानों की तत्काल जरूरत है। लिहाजा तेजस उत्पादन में और देरी होने से आवश्यकता और उपलब्धता के बीच अंतर बढ़ सकता है, जो भारत की युद्धक तैयारियों पर असर डाल सकता है। हालांकि कहा गया है कि एचएएल ने आश्वासन दिया है कि इंजन आपूर्ति की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। आने वाले महीनों में यह तय होगा कि एचएएल अपने वादों को पूरा कर पाता है और भारतीय वायुसेना की आधुनिकीकरण योजनाओं में बिना देरी सहयोग कर पाता है या नहीं। वैसे तो दोनों पक्षों की बातों तर्क के धरातल पर सही माना जा सकता है लेकिन जब चुनौतियां बढ रही हों तो सतर्कता व तत्परता का तकाजा बढता जाता है।

> प्राणी के जीवन में सन्तोष दरिद्रता का दूसरा नाम है।
> - प्रेमचन्द

## आज का इतिहास

- 1537 - गुजरात के बहादुर शाह को पुर्तग़ालियों ने धोखे से गिरफ़्तार करने की कोशिश की और भागने के चक्कर में वह डूब गया।
- 1556 - पंजाब के गुरदासपुर ज़िले के कलानौर में अकबर की ताजपोशी हुई।
- 1628 - शाहजहाँ आगरा की गद्दी पर बैठा।
- 1658 - दिल्ली की सत्ता हथियाने के लिए मुग़ल वंश के आपसी संघर्ष में दारा ने वाराणसी के पास बहादुरपुर की लड़ाई में शुजा को पराजित किया।
- 1663 - कनाडा फ़्रांस का एक प्रान्त बना।
- 1670 - रोमन कैथोलिक सम्राट लियोपोल्ड प्रथम ने यहूदियों को वियना से बाहर किया।
- 1743 - हेनरी पेलहम ब्रिटेन के वित्त विभाग के पहले प्रमुख बने।
- 1846 - क्राको गणराज्य का विद्रोह पूरे पोलैंड में फैल गया।
- 1881 - भारत के पहले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की कोलकाता में स्थापना।
- 1899 - अमेरिकी कांग्रेस ने संघीय चुनाव में वोटिंग मशीन के इस्तेमाल को मंजूरी दी।
- 1893 - हवाई अमेरिका का हिस्सा बना।
- 1912 - इंग्लैंड में पहली बार डीजल इंजन वाली पनडुब्बी का जलावतरण किया गया।
- 1920 - शिकागो में महिला मतदाता लीग की स्थापना की गयी।
- 1943 - सोवियत फ़ौजों ने जर्मन फ़ौजों से रोस्तोव पुनः छीन लिया।
- 1945 - पेरू, पराग्वे, चिली और इक्वाडोर संयुक्त राष्ट्र के सदस्य बने।
- 1958 - ईराक और जार्डन को मिलाकर बने फ़ेडरेशन के मुखिया शाह फ़ैजल बने।
- 1972 - अमेरिका ने चीन के साथ व्यापार प्रतिबंधों में ढील की घोषणा की।
- 1978 - अमेरिका ने मिस्र,सऊदी अरब और इसरायली को अरबों डॉलर के हथियार बेचने की घोषणा की।
- 1979 - काबुल में अमेरिकी राजदूत एडोल्फ़ डक्स की मुस्लिम उग्रवादियों द्वारा हत्या।
- 1988 - फ़िलिस्तीन मुक्ति संगठन के तीन वरिष्ठ अधिकारी बम विस्फोट से साइप्रस में मारे गए।
- 1989 - बेल्जियम के पूर्व प्रधानमंत्री पाल्क वाडेन को एक माह बाद फिरौती देने के बाद छोड़ा गया।

## निशाना

### हुआ नहीं सुधार !



-कृष्णेन्द्र राय

**थमा नहीं है सिलसिला ।**
**है अंदर मतभेद ।।**
**कार्यकर्ता व्यक्त भले ।**
**कर चुके हों खेद ।।**
**चल रहा तमाशा ।**
**हुआ ना सुधार ।।**
**बार-बार पार्टी को ।**
**मिल रहा उपहार ।।**
**राह नहीं आसान ।**
**अनबन चलने वाली ।।**
**चाहता ना कोई ।**
**रहे ये हाथ ख़ाली ।।**
**दिल्ली आना जाना ।**
**हो रहा कुछ ज़्यादा ।।**
**है बड़ा सवाल ।**
**क्या कुछ है इरादा ।।**

# टैरिफ वॉर के बीच कैदियों की अदला-बदली का खेल

■ पुष्परंजन

**ट्रंप के फिर सत्ता में लौटने के बाद चीन पर टैरिफ लगाने की बात तो की जा रही है लेकिन कितने अमेरिकी कैदी चीन की जेलों में हैं, इस पर खामोशी है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से उनके शपथ ग्रहण के बाद बात की है, लेकिन कैदियों के प्रकरण पर सार्वजनिक जिक्र नहीं है। फॉक्स न्यूज द्वारा प्रसारित सुपर बाउल साक्षात्कार में ट्रंप ने पुष्टि की, कि चर्चा हुई है।**




चीनी लीडरशिप, अमेरिका की आंखों में आंखें डालकर किसके बूते बात करती है? क्या उसकी वजह केवल ट्रेड और सैन्य ताक़त है, या कुछ और? जो है, वो दिखता नहीं। अमेरिका दुनिया को बताता नहीं, कि उसके कितने नागरिक चीनी जेलों में पड़े हैं। कैदियों का डाटा बेस तैयार करने वाले दुई हुआ फाउंडेशन का आकलन है कि अमेरिकी जेलों में 400 चाइनीज़, और चीनी जेलों में 300 अमेरिकी नागरिक कैद हैं। आप हमारे तीन कैदी छोड़ो, उतने ही कैदी हम छोड़ेंगे, इसी बराबरी वाले फार्मूले पर कैदियों का तबादला चीन-अमेरिका के बीच हो रहा है।यह कहानी तीन माह पहले की है, जब अमेरिकी कैदी तीन चीनियों के बदले छोड़े गए था। उनकी रिहाई के वास्ते अमेरिका के पसीने छूट गए थे। तत्कालीन राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने अगस्त, 2024 में चीन की यात्रा की और चीन में गलत तरीके से हिरासत में लिए गए सभी अमेरिकियों की रिहाई का आग्रह किया। तत्कालीन विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने उसके अगले माह सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में चीनी राजनयिक वांग यी के साथ तीनों व्यक्तियों के मामले उठाए। उसके प्रकारांतर, राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नवंबर में पेरू में उनकी रिहाई के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग पर दबाव डाला था। क्या बाक़ी अमेरिकी कैदियों की रिहाई का ज़िम्मा ट्रंप ने लिया है? इस सवाल का उत्तर शी और ट्रंप की मुलाक़ात के बाद ही अमेरिकी जनता समझ पायेगी। लेकिन ट्रंप पर इसका दबाव है, कि कैदियों की रिहाई की जो शुरुआत जो बाइडेन ने की थी, उसे पुरज़ोर तरीके से आगे बढ़ाया जाये।

दुई हुआ फाउंडेशन, चीन की जेल प्रणाली की अस्पष्टता की आलोचना करता है, जहां बहुत-सी जानकारी गोपनीयता के नाम पर छिपाई जाती है। उसके बरअकस, अमेरिकी जेल के आंकड़े रहस्य जैसे नहीं हैं, ऐसा दावा दुई हुआ फाउंडेशन करता है । कैद में रहना कठिन है, लेकिन विदेश में कैद होना और भी कठिन है। विदेशी कैदियों को भाषाई और सांस्कृतिक बाधाओं और एक अपरिचित कानूनी प्रणाली का सामना करना पड़ता है। 1963 में 'कांसुलर संबंधों पर वियना कन्वेंशन' में चीन और अमेरिका सहित अधिकांश देश शामिल हैं, जिसके आधार पर किसी देश में कैद विदेशी नागरिकों में रिहाई की उम्मीद बनी रहती है। दो दशकों से अमेरिका और चीन के बीच अलग से द्विपक्षीय समझौता 'यूएस-पीआरसी कांसुलर कन्वेंशन', वियना कन्वेंशन से अधिक कठोर है। यदि कोई बंदी ऐसा अनुरोध करे तो उसके देश के कूटनीतिक मिशन को 24 से 72 घंटे के बीच सूचित किया जाना अनिवार्य है।

वर्ष 2024, नवम्बर में वर्षों से हिरासत में रखे गए तीन अमेरिकी नागरिकों को चीन ने रिहा किया था। उनके नाम थे मार्क स्विडन, काई ली, और जॉन लेउंग। प्रशासन के एक अधिकारी ने गुरुवार को पुष्टि की कि तीनों अमेरिकी टेक्सास में जॉइंट बेस सैन एंटोनियो के हिस्से लैकलैंड एयर फ़ोर्स बेस के ज़रिए वापस अमेरिका लौट आए। उससे पहले, अमेरिकी पादरी डेविड लिन भी सितम्बर, 2024 में चीनी क़ैद से छोड़े गए थे।

न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड के रहने वाले 62 वर्षीय डेविड लिन को 2016 में हिरासत में लिया गया था, और 2018 में जासूसी के आरोपों में 10 साल की सज़ा सुनाई गई थी, जिसके बारे में उनके परिवार का कहना है कि ये आरोप निराधार हैं। टेक्सास के 40 वर्षीय व्यवसायी स्विडन को 2012 से हिरासत में रखा गया था और 2019 में उन्हें ड्रग से संबंधित आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद मृत्युदंड की सज़ा सुनाई गई थी, जिसके बारे में संयुक्त राष्ट्र के एक कार्य समूह ने कहा था कि इसका कोई साक्ष्य आधार नहीं था। ली और स्विडन को विदेश विभाग द्वारा 'गलत तरीके से हिरासत में लिया गया' माना गया था।

60 वर्षीय अमेरिकी नागरिक लेउंग, जिनका हांगकांग के चीनी क्षेत्र में स्थायी निवास भी है, को पिछले साल पूर्वी चीन की एक अदालत द्वारा जासूसी का दोषी पाए जाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। हांगकांग और चीनी समाचार आउटलेट के अनुसार, 2021 में हिरासत में लिए गए लेउंग संयुक्त राज्य अमेरिका में बीजिंग समर्थक समूह के सदस्य थे, और वरिष्ठ चीनी अधिकारियों के साथ उनकी तस्वीरें सामने आई थीं।

अमेरिकी सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि उनकी रिहाई चीन के राज्य सुरक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी जू यानजुन और एक चीनी नागरिक जी चाओकुन के लिए कैदी अदला-बदली का हिस्सा थी। जू को अमेरिकी विमान इंजन आपूर्तिकर्ता जीई एविएशन से तकनीक चुराने के कथित प्रयास के बाद गिरफ्तार किया गया था। जी चाओकुन पर चीनी सरकार के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया था।

यह नवम्बर, 2024 की बात है, जब पेइचिंग में विदेश मंत्रालय ने भी स्वीकार किया था कि उसके तीन नागरिक सुरक्षित रूप से चीन लौट आए हैं। ब्रिटिश अधिवक्ता पीटर हम्फ्रे भी मानते हैं कि चीन में लगभग 300 अमेरिकी हिरासत में हैं, और उनमें से किसी के साथ भी निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सुनवाई नहीं हुई है। लेकिन पेइचिंग का कहना है कि सभी मामलों को कानून के अनुसार निपटाया जाता है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा, कि हमारे नागरिकों को निशाने पर लेने वाले अमेरिका का विरोध हमेशा करते रहेंगे।

दिलचस्प है कि क़ैदियों जैसे विषय सामने नहीं लाये जा रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से उनके शपथ ग्रहण के बाद से ही बात की है, जो बढ़ते व्यापार युद्ध के बीच निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव का संकेत है। सोमवार शाम को फॉक्स न्यूज द्वारा प्रसारित सुपर बाउल साक्षात्कार में ट्रंप ने पुष्टि की, कि चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि शी और 'उनके लोगों' दोनों के साथ संवाद किया है। 'मैं उन्हें बहुत पसंद करता हूं, मुझे उनसे बात करना अच्छा लगता है, उनके लोग हमेशा आते रहते हैं।'

ट्रंप ने शी के साथ अपने 'बहुत अच्छे व्यक्तिगत संबंधों' की भी सराहना की, उन्होंने कहा कि वे उन्हें 'शायद दुनिया के विभिन्न हिस्सों में किसी और से बेहतर जानते हैं'। ट्रंप ने यह नहीं बताया कि बातचीत कब हुई, और दोनों नेताओं ने क्या चर्चा की। ट्रंप ने सभी चीनी आयातों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। चीन ने भी अमेरिकी वस्तुओं पर अपने टैरिफ लगाए, जो सोमवार से प्रभावी हो गए। जिसमें कोयला, कच्चा तेल और तरल प्राकृतिक गैस निर्यात, साथ ही उच्च उत्सर्जन वाले वाहन शामिल हैं। सोचिये, क़ैदियों का तबादला और टैरिफ के बदले टैरिफ का खेल कितना रोचक है। ऐसे खेल के लिए मज़बूत लीडरशिप चाहिए !

**(साभार : लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, यह उनके निजी विचार हैं)**

# आरएसएस-बीजेपी के लिए बिहार से ज़्यादा अहम बंगाल चुनाव क्यों?

■ अरविंद मोहन

दिल्ली चुनाव के नतीजों पर टीवी कवरेज के दौरान ही जब बीजेपी की जीत पक्की लगने लगी थी तो साथ बैठे एक पत्रकार ने, जिनका रुझान साफ़ बीजेपी की तरफ़ रहता है, कहा कि अब दिल्ली का तो फ़ैसला हो गया, अब अगली लड़ाई बंगाल की है। तब लगा कि शायद वे इसके बाद होने वाले बिहार चुनाव को भूल रहे हैं, सो टोक दिया। लेकिन अगले दिन जब करियर और कमाई के लिए सारे धरम और विचार बेच चुके अपने पुराने सहयोगी दिलीप मंडल जी का सोशल मीडिया संदेश देखा तो लगा कि मैं ही चूक कर रहा था। संघ परिवार और बीजेपी की नज़र दिल्ली के बाद बंगाल पर ही है और जिस तरह आप और अरविन्द केजरीवाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के लिए 'सिरदर्द' बने हुए थे उसी तरह ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस भी एक चुनौती बनी हुई है- संभवतः केजरीवाल से भी बड़ी।

ममता का राज तो 2011 से चल रहा है लेकिन बीजेपी ने जितनी तैयारी से 2021 और 2016 का चुनाव लड़ा उससे बंगाल जीतने की उसकी गहरी इच्छा का पता चलता है। पर अब यह हो रहा है कि तृणमूल के वोट कम हों न हों भाजपा का वोट प्रतिशत और जीत कम होती जा रही है। ऐसा लोक सभा चुनाव में भी हुआ है और विधान सभा चुनाओं में भी।भाजपा भी यह हिसाब लगा ही रही होगी कि इस बार उसे क्या करना है और कैसे अपने आखिरी मजबूत विपक्षी गढ़ को फतह करना है लेकिन उससे पहले ममता की यह घोषणा आ चुकी है कि अगला चुनाव तृणमूल अकेले लड़ेगी और कांग्रेस से कोई गठबंधन नहीं होगा। उलटे उन्होंने दिल्ली में आप की पराजय के लिए कांग्रेस के सिर भी गठबंधन नहीं करके भाजपा को मदद करने का तोहमत मढ़ दिया। इंडिया गठबंधन को बनाने और उसकी परवाह न करने में ममता अगुआ हैं। अरविन्द केजरीवाल इंडिया गठबंधन बनाने से दूर रहे लेकिन लाभ घाटे के आधार पर उसका उपयोग करते और दूरी बनाते रहे।

ममता ने अगर कांग्रेस से गठबंधन को लेकर इतना साफ़





बयान दे दिया है तो वाम दलों से गठजोड़ का सवाल ही नहीं उठता। और अगर कांग्रेस और वामदल साथ आकर ममता बनर्जी के पंद्रह साल के शासन से पैदा एंटी-इंकम्बेन्सी का लाभ लेकर अपना प्रदर्शन जरा भी सुधार लें तो फिर तृणमूल की जीत मुश्किल हो जाएगी। आख़िर दिल्ली में कांग्रेस के मतों में दो फीसदी का इजाफा और आप तथा कांग्रेस का साथ न लड़ना ही बीजेपी की जीत में सबसे बड़ा कारण बना। बीजेपी इस संभावना से खुश होगी।पर तय मानिए कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह वाली बीजेपी की बंगाल विजय की रणनीति में अकेले यही दांव नहीं होगा। और यह भी मत मानिए कि एक बार बंगाली मुसलमानों को पटाने तो दुबारा मटुआ समुदाय को ज्यादा जोर-शोर से अपनाने (तथा घुसपैठी बांग्लादेशी हिंदुओं को नागरिकता दिलाने का कानून लाने) जैसे कदमों की असफलता के बाद बीजेपी के तरकश के तीर समाप्त हो गए होंगे। पिछले दिनों एक डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले पर उसने पश्चिम बंगाल के साथ देशव्यापी स्तर पर जिस तरह ममता सरकार की घेराबंदी की थी उसमें यह लगने लगा था कि अगर राज्य सरकार बर्खास्त भी हो जाए तो कोई आश्चर्य की बात न होगी। खैर, इस प्रकरण में राज्य सरकार बच निकली और हत्यारे के साथ ममता या तृणमूल का कोई न्यस्त स्वार्थ साबित नहीं हुआ। उलटे ममता बनर्जी भी इस कांड के दोषियों को सजा दिलाने में तत्पर लगीं और एक सीमा के बाद हड़ताली डॉक्टरों का विरोध राजनैतिक लगने लगा। ममता की लड़ने-भिड़ने की ताक़त भी कम नहीं है पर उनकी ईमानदारी और सादगी ऐसे गुण हैं जिन पर बंगाल ही नहीं देश का काफी बड़ा वर्ग फिदा है। ममता और नीतीश जैसे नेता आज की राजनीति में कम हैं और अगर भाजपाई जमात बिहार की जगह बंगाल के चुनाव की चर्चा शुरू करने लगा है तो उसकी वजह उसकी अपनी ताक़त से ज़्यादा नीतीश कुमार का साथ ही है। वैसे, बीजेपी के अंदर एक समूह नीतीश को 'निपटाने' की रणनीति वाला है क्योंकि उनके रहते भाजपा के लिए बिहार में जीत हासिल करना कठिन होगा। ममता बनर्जी आज इस बात का भी काफी प्रचार कर रही हैं कि उनके शासनकाल में बंगाल में साढ़े चार लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव आये हैं। पर बंगाल पुराने दिनों की तरह देश की आर्थिक राजधानी बनने से तो कोसों दूर हो चुका है। इतने लंबे शासन से उम्मीदें न पूरी होने की नाराजगी भी बढ़ती ही गई है जिसे मैनेज करना भी एक चुनौती होगी। ममता के लिए एक चुनौती अपनी जिद पर अकेले राजनीति करने की भी है। वे देश स्तर पर तो मोदी विरोधियों की एकजुटता चाहती हैं लेकिन बंगाल को अपने लिए रखना चाहती हैं। कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ उन्होंने इधर काफी कुछ कहा है। और इस बीच बीचबचाव करने वाले प्रणब मुखर्जी भी नहीं हैं।

पर जो धमक अभी से सुनाई दे रही है उससे साफ़ लगता है कि बंगाल का घमासान दिलचस्प होगा। जाहिर तौर पर इस पर उससे पहले हुए बिहार चुनाव का प्रभाव भी रहेगा। और तब तक और घटनाक्रम भी अपना स्वतंत्र रुख भी रखेंगे। लेकिन बीजेपी किस तरह की तैयारी करती है इसे नहीं भूलना चाहिए। ओडिसा में जब उसने पाइका विद्रोह का मसला उठाकर खंडायतों को साथ करने की रणनीति अपनाई तब बहुतों को लगता था कि यह व्यर्थ की कवायद है क्योंकि खुद खंडायत भी गोलबंद नहीं हैं। वे एक साथ क्षत्रिय से लेकर शूद्र होने के दावे करते हैं। पर बंगाल में मटुआ अर्थात नामशूद्रों का मसला ज्यादा लाभ नहीं पहुंचा सका। इसकी एक वजह तो उनका भारत और बंगाल में कम होना है। फिर सामने ममता बनर्जी थीं जिन्होंने भाजपा का रुख भाँपते ही अपनी सरकार और पार्टी में मटुआ लोगों की कदर बढ़ा दी। फिर बंगाल की मुसलमान आबादी का ऊंचा अनुपात भी भाजपा ओवैसी या फुरफुरा साहिब के कुछ धर्मगुरुओं के सहारे पार करने लायक नहीं है। बंगाल का पढ़ा लिखा समाज भाजपाई राजनैतिक हथकंडों से खुश नहीं रहता। और बंगाल में जातिगत गोलबंदियां बहुत कम हैं। पर लड़ाई लगभग सीधी होने से भाजपा को आसानी हो गई है। और इसमें अगर दिल्ली की तरह कांग्रेस और वाम दल कुछ ज्यादा वोट पाते हैं तो भाजपा की राह आसान हो सकती है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# अनोखा प्रदर्शन : क्रिकेट सट्टेबाजी के विरुद्ध जयस्तंभ पर मौन सत्याग्रह, शहर में 30 से 35 बुकी

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

आईपीएल क्रिकेट सट्टेबाजी और ऑनलाइन सटटेबाजी के विरुद्ध सामाजिक कार्यकर्ता मनीष सिंह ठाकुर का अनोखा प्रदर्शन जयस्तंभ चौक पर गुरुवार शाम 5 बजे शुरु हुआ। वे यहां दोनों हाथों में तख्ती लिये मौन खडे रहे। जिसे लोगों ने खूब सराहा। उल्लेखनीय है कि इटारसी में क्रिकेट सटटे का नेक्सस है, यही वजह है कि कभी इस पर कोई कार्रवाई पुलिस ने नहीं की है। यह पुलिस का रिकार्ड ही बताता है। प्रदर्शन करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता ठाकुर का कहना है कि ये प्रदर्शन जागरुकता के लिए है। उनका कहना है कि अभिभावकों को अपने अपने बच्चों के बैंक अकांउट की जानकारी रखनी चाहिए, उनके एकाउंट में कितना पैसा है, कहां खर्च हुआ और समय समय पर मोबाइल भी चेक करते रहें। 30 मिनिट के मौन प्रदर्शन के बाद यहां जयस्तंभ पर नागरिकों को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि पुलिस प्रशासन कहता है ऑनलाइन सटटा

कैसे पकडेंगे। हमारा कहना है पुलिस प्रशासन में काफी क्षमता है, तकनीक उनके पास है। उसका उपयोग करें। शहर में ऑनलाइन सटटा 30 से 35 बुकी है। अभी तो हम परिवार के तौर पर हमनें जागरुकता अभियान चलाया है यदि आईपीएल के पहले सटटे के बुकी पर कडी कार्रवाई नहीं हुई तो हम आंदोलन जारी रखेंगे।



### आत्महत्या करने वाले युवकों को दी श्रद्धाजंलि

जयस्तंभ पर उन युवाओं को श्रद्धाजंलि दी गई जिन्होंने ऑनलाइन क्रिकेट सटटाबाजों से प्रताडित होकर आत्महत्या कर ली। यहां उनके लिए मोमबत्ती जलाई गई।

### ऐसे चलता है रैकेट

जानकारी के मुताबिक जिले में सट्टेबाजों का एक बड़ा रैकेट काम कर रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक फैल चुका है। ये सट्टेबाज सभी जगहों पर अपना एक नेटवर्क तैयार कर रखा है। आईपीएल के मैचों में सट्टेबाजी को लेकर आईडी उपलब्ध करवाता है। जिसके लिए मोबाइल, लैपटॉप और एप की जानकारी रखने वाले युवा इस काम को अंजाम दे रहे हैं। लोग इस सट्टेबाजी में फंसकर लाखों रुपये बर्बाद कर रहे हैं। ये सट्टेबाज का गिरोह जिले में काफी सक्रियता से काम कर रहा है। जो बंद कमरे में चोरी छिपे इसे चला रहा है।

### कैसे लगाया जाता है सट्टा

आईडी बनाने के लिए आईडी लेने वाले का बैंक डिटेल उस मोबाइल से जुड़ा होना चाहिए। उसके बाद पैसा मिलते ही एक आईडी सट्टेबाजों की ओर से जारी की जाती है। जिसमे आईपीएल के मैच शुरू होने के बाद काम करता है। मैच के समय ये सट्टा लगाया जाता है। हर एक गेंद, चौके, छक्के और विकेट के अलावा रन का रेट अलग होता है आईडी लेने वाले को हार जाने के बाद पैसे देने पड़ते हैं। जीतने के बाद उसके अकाउंट में पैसा चला जाता है।

## आर्थिक संकट बन रहा है पारिवारिक कलह का कारण

# कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दे पा रही नपा !

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगरपालिका में पदस्थ दैनिक वेतनभोगी, विनियमित, नियमित कर्मचारियों के मासिक वेतनों का भुगतान समय पर न होने से उनके सामने प्रति माह आर्थिक संकट की स्थिति नगरपालिका के द्वारा निर्मित की जाती है।

नगर पालिका कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार वर्मा ने बताया कि कर्मचारी संगठन से किये गये समझौते के अनुसार माह की दस तारीख की समयावधि में वेतनों का भुगतान कर दिया जावेगा. मगर नगरपालिका शासन के आदेश व मजदूर संघ से किये गये समझौते दोनों की अवमानना नगरपालिका निरंतर करती आ रही है.कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट कि स्थिति प्रतिमाह निर्मित की जा रही है कारण पता करने पर बताया जाता है कि अभी यात्री कर चुंगी क्षतिपूर्ति का ड्राफ्ट नहीं आया है जबकि सच्चाई यह है कि स्थापना शाखा सहित अन्य विभागों के द्वारा समय पर मासिक वेतन पत्रक तैयार ही नहीं किए जाते हैं ।

वर्मा का कहना है कि नगर में संत शिरोमणि रामजी बाबा का मेला चलायमान है नगरपालिका में जितने भी कर्मचारी श्रमिक पदस्थ हैं उनके पारिवारिक सदस् भी मेला घूमना चाहते है कुछ सुख के पल मेले में भ्रमण करके उठाना चाहते हैं यह सुख भी आर्थिक स्थिति के कारण दुख में परिवर्तित हो गया है जब कर्मचारी अपने घर जाते हैं तो मेला भ्रमण को लेकर पारिवारिक सदस्यों के मध्य वाद विवाद कि स्थिति निर्मित हो रही हैं जो पारिवारिक कलह का कारण बन रही है यात्री कर चुंगी क्षतिपूर्ति का ड्राफ्ट शासन के द्वारा प्रतिमाह देरी से क्यों दिया जा रहा है इस पर आज तक नगरपालिका के द्वारा मजदूर संघ की आपत्ति के बाद भी शासन पत्र व्यवहार नहीं किया गया लेकिन शासन आदेश व समझौते कि अवमानना करना अपना मुख्य उद्देश्य नगरपालिका के द्वारा बना लिया गया है.




मजदूर संघ0ने कहा कि नगरपालिका अध्यक्ष व सीएमओ से अपेक्षा की है कि मासिक वेतन भुगतान में शासन आदेश एवं किये गये समझौते का पालन कर्मचारियों के आर्थिक हित संरक्षण में किया जावे यदि निकट भविष्य में इस विषय को लेकर आंदोलनात्मक या कोर्ट कि शरण जैसे विवाद निर्मित होते हैं तो उसका संपूर्ण दायित्व आपका रहेगा.

## नगरपालिका अध्यक्ष ने किया वार्ड 19, 20 और 24 का निरीक्षण

**इटारसी।** नगरपालिका परिषद अध्यक्ष पंकज चौरे ने गुरुवार को वार्ड क्रमांक 19, 20 और 24 का निरीक्षण किया। सुबह 8 बजे वे सफाई विभाग के अमले के साथ वार्ड 19 के पार्षद राहुल प्रधान के साथ यहां पानी निकासी की समस्या देखने पहुंचे। यहां गणेश नगर कॉलोनी के पास पानी निकासी की समस्या है। यहां उन्होंने कच्चा नाला खोदने के लिए निर्देश दिए हैं और काम भी शुरु कराया है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 20 में बन रही एक नाली के निर्माण को उन्होंने देखा। इस दौरान वार्ड 18 के पार्षद प्रतिनिधि हन्नू बंजारा मौजूद थे। दोपहर में नगरपालिका अध्यक्ष वार्ड क्रमांक 24 में पहुंचे। यहां सभापति प्रतिनिधि शहबाज बेग के साथ निर्माणाधीन सडक का निरीक्षण उन्होंने किया।



## आरटीओ निशा चौहान द्वारा की गई वाहनों की जांच

# 9 वाहनों से वसूला 32 हजार जुर्माना, स्कूली वाहन जब्त



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

गुरुवार को परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार आरटीओ श्रीमती निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा स्कूली वाहनों की सख्ती के साथ जांच की गई.जांच में स्कूल बसों के वाहन चालकों के चरित्र प्रमाण पत्र की जांच और बसों की दस्तावेज के साथ ही अन्य परिवहन विभाग द्वारा तय नियमों की जांच की गई. आरटीओ जांच दल द्वारा पिपरिया मार्ग पर स्कूली वाहनों की जांच की गई।

कुल 55 वाहनों को जांचा गया , जिसमें 9 वाहनों में मोटरयान नियमों का उल्लंघन पाया गया। जिस पर इन 9 वाहनों 32,000 हजार का जुर्माना लगाया गया तथा एक स्कूली वाहन को जप्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़ा किया गया। परिवहन विभाग द्वारा लगातार स्कूली वाहनों की जांच की जा रही है तथा वाहन चालकों के पुलिस वेरिफिकेशन की जांच की जा रही है। आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा लगातार स्कूलों में पहुंचकर वाहनों को जांचा जा रहा है तथा जिन वाहनों में कमी पाई जा रही है। उन पर चालानी कार्यवाही के साथ ही सुधार के लिए निर्देशित किया जा रहा है।

## पीएम गतिशक्ति योजना के क्रियान्वयन हेतु कार्यपालन यंत्री को सहायक सदस्य सचिव नामांकित किया गया

**नर्मदापुरम।** पीएम गतिशक्ति योजना के अंतर्गत जिले में योजना के क्रियान्वयन और मूल्यांकन हेतु गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति द्वारा कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, नर्मदापुरम को सहायक सदस्य सचिव के रूप में नामांकित किया गया है। जिला कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में कार्यपालन यंत्री को पीएम गतिशक्ति योजना के संबंधित दस्तावेजों का संधारण और योजना के क्रियान्वयन से जुड़े निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

# दयानंद सरस्वती की मनाई जयंती



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वाधान में स्वामी दयानंद सरस्वती की 201 वी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया इसके पश्चात वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी को 1824 टंकारा गुजरात में हुआ था। वे हिंदू तपस्वी और समाज सुधारक थे 1875 में हिंदू समाज का सशक्त सुधार आंदोलन स्थापित किया। उनका उद्देश्य वेदों को पुनः स्थापित करना था जो सबसे पुराने ग्रंथ हैं जिन्हें सत्य के रूप में स्थापित किया गया है। शहर वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दयानंद सरस्वती अंधविश्वास एवं रूढ़ियों के खिलाफ थे उन्होंने बाल विवाह प्रथा बंद करने का आह्वान किया।

## मिलावट के विरुद्ध कार्यवाही

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा इटारसी में संदेहास्पद मावा और मिल्क केक जब्त किया गया

**इटारसी।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आर पी एफ थाना प्रभारी सुश्री अनुराधा मिश्रा की सूचना पर इटारसी रेलवे स्टेशन के सामने संदेहास्पद मावा और मिल्क केक जब्त किया गया। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार और जितेंद्र सिंह राणा भी उपस्थित रहे। संदेहास्पद सामग्री के बारे में संबंधित व्यावसायी गौरव खण्डेलवाल से मिल्क केक का नमूना और कलाकंद स्वीट से खोया का नमूना जांच के लिए लिया गया। इसके अतिरिक्त, विभिन्न किराना दुकानों की भी जांच की गई, जिसमें गुड, खाद्य तेल और अन्य उत्पादों के कुल 07 नमूने संग्रहित किए गए। सभी नमूने राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं और उनकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद, संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत न्यायालयीन कार्यवाही की जाएगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई सतत जारी रहेगी, जिसमें विभिन्न निर्माण इकाइयों, वाहनों और भंडार ग्रहों की भी जांच की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और मानक के अनुरूप खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

# सद्भावना सप्ताह अंतर्गत मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने लगाया निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर

**गंजबासौदा , दोपहर मेट्रो**



सद्भावना सप्ताह के अंतर्गत निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन कर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश कुमार अखिल भारतीय मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जन्मदिवस के अवसर पर सारे देश में सद्भावना पखवाड़ा के अंतर्गत मंच द्वारा विभिन्न सेवा कार्य चल रहे है । इसी के तहत गुरुवार को सेमरी मे निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन कर मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से इलाज कर निःशुल्क दवाई वितरण की गई। कार्यक्रम में अनुराग नेमा ने बताया आयुर्वेद,हमारे भारत की महान पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली है। यह शरीर, मन, आत्मा, और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखने पर आधारित है।आयुर्वेद में हर्बल दवाओं, योग, मालिश, और आहार-विहार के ज़रिए स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का प्रयास किया जाता है। मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया भारतीय आयुर्वेद से हज़ारों सालों से इलाज कर रहे है। आयुर्वेद में जड़ी-बूटियों, मसालों और तेलों का इस्तेमाल किया जाता है । इस अवसर पर मंच के जिला सह संयोजक सैयद शादाब अली ने शाल श्रीफल और पुष्प मालाऔ से आयुर्वेदाचार्य अनुराग नेमा सहित सभी का स्वागत सम्मान किया।

**मेट्रो एंकर** सोहागपुर थाना क्षेत्र से चुराया ट्रैक्टर, बाड़ी और भारकच्छ क्षेत्र से चुराई थी मोटरसाइकिल

# सोहागपुर पुलिस ने वाहन चोरों को किया गिरफ्तार, ट्रैक्टर और बाइक बरामद

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशुतोष मिश्र के निर्देशन मे तथा एसडीओपी संजू चौहान के मार्गदर्शन में व थाना प्रभारी सोहागपुर निरीक्षक कंचन सिंह के नेतृत्व में सोहागपुर पुलिस टीम द्वारा थाना सोहागपुर में चोरी गये ट्रेक्टर व अन्य दीगर थाना क्षेत्र से चुराई गई दो मोटर सायकल बरामद कर चार आरोपियों व एक बाल अपचारी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई।



प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी हरिशंकर पटेल का ट्रैक्टर कोई अज्ञात व्यक्ति रात में उसके खलियान से चोरी कर ले गया है। इस पर पतारसी हेतु टीम रवाना की गई। टीम द्वारा भोपाल एवं मंडीदीप से आरोपीगण रुद्रप्रताप सोहागपुर, दीपक अहिरवार,धनराज उर्फ पप्पू, भगवानदास तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार कर आरोपी भगवानदास की निशादेही पर लांबाखेड़ा भोपाल से चोरी गये आयसर ट्रेक्टर को बरामद किया गया। आरोपियो से पूछताछ करने पर आरोपियो द्वारा थाना बाडी जिला रायसेन क्षेत्र एक मोटर सायकल एवं थाना भारकच्छ जिला रायसेन क्षेत्र के ग्राम खपड़िया से एक मोटर सायकल चोरी भी स्वीकार की।किया। आरोपियो से इन्हें भी जप्त किया गया।

## रेत खनिज का अवैध परिवहन कर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के खिलाफ खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही जारी है। खनिज विभाग द्वारा गत दिवस ग्राम बाबरी, डिमावर, तहसील सिवनीमालवा में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन करते हुए 05 मोटर बोट ( नाव ) जप्त किए गए, जिन्हें पुलिस थाना शिवपुर की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया। इसके अतिरिक्त ग्राम बहारपुर में एक ट्रैक्टर-ट्राली को रेत खनिज के अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिसे पुलिस थाना सेमरी हरचंद की अभिरक्षा में रखा गया। इसी प्रकार, सोहागपुर में भी एक ट्रैक्टर-ट्राली को अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया और उसे पुलिस थाना सोहागपुर की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया।



इन सभी कार्यवाहियों में जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, खनि निरीक्षक पिंकी चौहान, प्रमुख खनि निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते,और होमगार्ड बल उपस्थित रहे। उक्त सभी जब्त वाहनों के खिलाफ मध्यप्रदेश खनिज ( अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण का निवारण ) नियम 2022 के तहत सख्त कार्यवाही की जा रही है।

# पुरातत्व स्थलों पर पहुंचने वाले टूरिस्टों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों : कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

- डीएटीसीसी का पेज और एप तैयार कर पुरातत्व स्थलों की जानकारियां दर्ज करें
- जिला पुरातत्व पर्यटन, संस्कृति परिषद डीएटीसीसी की बैठक हुई



विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज अपने चेम्बर में जिला पुरातत्व पर्यटन, संस्कृति परिषद डीएटीसीसी की बैठक की है।

कलेक्टर ने विदिशा जिले के पुरातत्व स्थलों पर पहुंचने वाले टूरिस्टों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पुरातत्व स्थलों पर टूरिस्टों को अच्छी से अच्छी सुविधा उपलब्ध हों। सांची आने वाले टूरिस्ट विदिशा के पुरातत्व स्थलों का भी भ्रमण करें इसके लिए प्रचार-प्रसार का कार्य किया जाए। साथ ही साथ एक डॉक्यूमेंट्री भी तैयार कर व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। उन्होंने बताया कि विदिशा जिले के टूरिस्ट स्थलों के लिए तैयार किए गए कैलेंडरों को एयरपोर्ट इत्यादि सहित अन्य जगहों पर रखवाना सुनिश्चित करें, ताकि टूरिस्टों का कैलेंडर के माध्यम से विदिशा जिले के पुरातत्व स्थलों पर आने के लिए उनका रुझान बढ़ सके। उन्होंने डीएटीसीसी का सोशल मीडिया पेज एक्टिव करने तथा क्यूआर कोड प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए हैं। टूरिस्टों की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए संगोष्ठी कराए जाने के निर्देश भी उन्होंने दिए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि डीएटीसीसी का ऐप भी डेवलप कराया जाए और उस एप में विभिन्न प्रकार की जानकारियां जैसे पुरातत्व स्थलों के कांटेक्ट नंबर पुरातत्व स्थल खुलने की समय सीमा और एसडीएम, तहसीलदार के नंबर भी दर्ज कराए जाएं। साथ ही साथ पंपलेट इत्यादि के माध्यम से भी प्रचार प्रसार कराया जाना सुनिश्चित हो। उन्होंने पुरातत्व स्थलों पर आने वाले टूरिस्टों के लिए गाइड के प्रबंध कराए जाने के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए हैं। बैठक में लिए गए निर्णयोऔ तथा कार्य योजना के संबंध में उन्होंने डीएटीसीसी के फंड के लिए बोर्ड से राशि प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव भेजे जाने के निर्देश भी दिए हैं।

बैठक में वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव ने फॉरेस्ट स्ट्रक्चर पर जानकारी देते हुए अवगत कराया कि उदयगिरि को और अधिक डेवलप किया जा रहा है ताकि टूरिस्टों का रुझान इस और बढ़ सके। जंगल रिसॉर्ट में भी अच्छी सुविधाएं, नेचर, वोटिंग फुटपोल इत्यादि के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ श्री पंकज जैन सहित डीएससी के अन्य सदस्य गण व अधिकारी गण मौजूद रहे।

### योजनाओं और विकास कार्यों की जमीनी हकीकत देखने पहुंचे विधायक

# गंदा पानी व्यवस्थित तरीक से निकालें गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाने दिए निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**







अधिकांश ठेकेदारों के द्वारा गुणवत्ता के साथ तथा व्यवस्थित कार्य नहीं किया जा रहा है जिसकी शिकायत मिलने पर इनके कामों को देखने के लिए अचानक गुरुवार को विधायक उमाकांत शर्मा पहुंचे उन्होंने काम सही नहीं होने पर एसडीएम को गुणवत्ता के साथ कार्य करवाने के निर्देश दिए। इसके कस्टम पथ पर चार वार्डों के रहवासियों की पानी की निकासी की समस्या को देखकर इस समस्या का हल निकाल कर काम करवाने के निर्देश भी दिए हैं साथ ही अपने स्तर पर भी समाधान करवाने का आश्वासन रहवासियों को दिया । वहीं धरातल पर जिस तरह का कार्य होना चाहिए उस तरह का काम अधिकांश ठेकेदारों तथा जिम्मेदारों के द्वारा नहीं करवाया जा रहा है। जिसको देखने के लिए जैसे ही विधायक जमीन स्तर पर पहुंचे एवं बारीकी से काम को देखा उसके बाद व्यवस्थित रूप से निर्माण कार्य नहीं होने पर अधिकारियों से जवाब भी मांगे पर अधिकारी संतोष जवाब नहीं दे पाए सब्जी मंडी का काम लंबे समय से चल रहा है यहां पर ठेकेदार के द्वारा प्लानिंग के साथ से काम नहीं किया जा रहा है इस उन्होंने एसडीएम से लिखित में लिया कितने दिनों में इसका काम सही तरीके से व्यवस्थित कर लिया जाएगा उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा के लिए सही कार्य होना चहिए गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा जिन अधिकारियों तथा ठेकेदारों के द्वारा सही कार्य नहीं किया जाएगा उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को बुलाकर जांच करवाएंगे हमारी सरकार जनता के हित में काम कर रही है वह काम ऐसे हो जिनका लाभ लंबे समय शहर वासियों को मिले मिले पालिका परिषद के द्वारा नगरी क्षेत्र में करोड़ों की लागत से विकास कार्य करवाया जा रहे हैं जमीन स्तर पर कितना व्यवस्थित और गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य नगर पालिका करवा रही है उसको को देखने के लिए विधायक श्री शर्मा शाम के समय सबसे पहले बस स्टैंड पर पहुंचे यहां पर नाला निर्माण व्यवस्थित काम नहीं होने पर नाराजगी जताई इसका सीमांकन एवं हाथ बंदी नहीं करने पर निर्देश भी तहसीलदार स संजय चैरसिया को निर्देश दिए कई लोग यहां पर अतिक्रमण कर रहे हैं । मंडी के भवन चिन्ह हो गया उसको गिराने की बात कही मंडी गेट का काम जल्दी ही व्यवस्थित करवाने बात कही इसके अलावा मंडी बाईपास रोड पर अधिकांश बैंकों के पास वाहन पार्किंग में नहीं होने से सड़क पर इन्हें खड़े करते हैं इससे समस्या उत्पन्न होती है, समाधान करने के निर्देश एसडीएम को दिए नाले पर वाटर लेवल का ध्यान रखा जाए तथा लिंक रोड के नाले का निर्माण भी गुणवत्ता के साथ अभी नहीं हो रहा है इस पर ध्यान देने की बात कहीं बेगम बाग कॉलोनी में पानी निकासी की शिकायत रहवासियों ने की तो विधायक उसको देखने को पहुंचे इसके बाद उन्होंने सिंचाई विभाग से बड़ी पुलिया बनवाने को लिए पत्र लिखने की बात की वही बासौदा नाके पहले श्मशान घाट को देखने पहुंचे यहां पर भी काम सही नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि मैं 4६5 बार आ चुके हैं काम प्रगति नहीं हो रही है नापती करवाने के निर्देश एसडीएम को दिए लिंक रोड के नाले को वाटर लेवल के हिसाब से नहीं किया जा रहा इस पर ध्यान देने की बात कही यहां से कस्टम पथ पहुंचे जहां पर बहुत पुरानी समस्या है उसको बारीकी से देखा फिर स्थाई समाधान के लिए जो पुराने समय की बनी पुलिया चार वार्डो का पानी लाने के लिए एस्टीमेट तथा प्लानिंग करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि शहर को ग्रीन और क्लीन के साथ नागरिकों की सुविधाओं के दृष्टि को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ हो इसलिए शहर के कामों को देखा इसके संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करेंगे यदि कोई भी ठेकेदार घटिया घटिया काम करेगा तो उस पर हम करवाई करवाएंगे हमेशा हमारी सरकार विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, रमेश यादव, प्रशांत पालीवाल, संतोष रघुवंशी, सचिन शर्मा, अल्पसंख्यक भजपा नेता नफीस टेंट आदि मौजूद थे।

# नपा कब्रिस्तान से नाला निकालने की तैयारी

- प्रकरण ग्वालियर हाई कोर्ट में विचाराधीन है

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

हाफिज याकूब बस स्टैण्ड सिरोंज के पास स्थित वक्फीयॉ कब्रिस्तान की भूमि से कब्रिस्तान के किरायेदार दुकानदारों को हटाकर नगर पालिका अब उस कब्रिस्तान में दफन मुर्दों के सीने पर से नाला निकालने की तैयारी कर रही है जिसमें कालोनियों का गंदा पानी आएगा और उक्त कब्रिस्तान के किरायदार के रूप में स्थापित गुमठी संचालक भी प्रभावित होंगें।

हाफिज याकूब बस स्टैण्ड गल्ला मंडी की प्रबंध कमेटी एवं किरायदारों ने अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य नपाधिकारी सिरोंज को भी एक ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में कब्रिस्तान की प्रबंध कमेटी के सदस्यों एवं कब्रिस्तान के दुकानदारों ने कहा कि नपा सिरोंज द्धारा मौखिक अलाउंसमेंट कराकर कब्रस्तान की भूमि पर गुमठीयां चलाने वाले किरायदारों को गुमठीया हटाने के लिए निर्देषित किया गुमठीया न हटाने पर दुकानों एवं गुमठीयों को ध्वस्त करने की बात कही जबकि उक्त कब्रस्तान की भूमि का वक्फ न्यायालय एवं सिरोंज न्यायालय से कब्रिस्तान के किरायदारों के पक्ष में फैसला हो चुका है साथ ही मप्र राज्यपत्र 1989 में भी यह कब्रस्तान का नंबर प्रकाषित होकर वक्फ बोर्ड में दर्ज है एवं वर्तमान में ग्वालियर हाईकोर्ट में प्रकरण गतीषील है ज्ञापन में कोर्ट के अंतिम निर्णय के उपरांत निमार्ण करने की बात कही कब्रस्तान की प्रबंध कमेटी अध्यक्ष अताउर्रहमान ने कहा कि पहले भी नपा ने हमें हटा दिया गया था परंतु वक्फ न्यायालय भोपाल एवं प्रथम जिला न्यायधीष सिरोंज द्धारा कब्रस्तान एवं कब्रस्तान के किरायदारों के पक्ष में फैसला करते हुए नपा पर क्षतिपूर्ती का जुर्माना लगाया गया था। चूंकि नपा ने मनमाने तरीके से दुकानदारों को अतिक्रमण बताकर प्रभावित किया था। नपा पर लगाए गए जुर्माने को नपा ने जमा भी किया था। ऐसे में नपा का यह निणर्य गलत है प्रशासन को इस और ध्यान देना चाहिए ताकि मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत न हो बल्कि नपा दुकानों के आगे से नाला बनाए जिससे किसी को भी एतराज न होगा।वहीं दूसरी तरफ सिरोंज के एसडीएम हर्षल चैधरी ने कहा कि हमारा कब्रिस्तान में से नाला निकालने का प्लान नहीं है, दुकानदार अपना अतिक्रमण हटा लें ताकि नाले का निर्माण हो सके।

## मंडी में से अनाज भरने वालों, ट्रांसपोर्टर ने विधायक से नो एंट्री में छूट की लगाई गुहार

**सिरोंज।** पूरे शहर में नो एंट्री लागू होने से कृषि उपज मंडी में से अनाज भर का ले जाने वाले ट्रांसपोर्टरों को परेशानियों का सामना करना पढ़ रहा है। जिसको लेकर ट्रांसपोर्ट के दल ने विधायक उमाकांत शर्मा से भेंट करके नो एंट्री में अनाज भरने के लिए अनुमति दिलवाने के लिए आग्रह करते हुए कहा कि आने वाले दोनों हमार सीजन शुरू हो जाएगा यदि हम दिन में अनाज भरने के लिए मंडी में नहीं जा पाएंगे तो हमारा व्यापार प्रभावित होगा जिस पर विधायक ने एसडीएम हर्षल चैधरी से संबंधित बिभागों के अधिकारियों यातायात पुलिस और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर इनकी समस्या दूर करने के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए ।

# दुर्घटना का सबब बन सकता है नाले पर रखा ट्रांसफार्मर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



शहर में बिजली वितरण कंपनी के द्वारा कई जगह लापरवाही के साथ ट्रांसफार्मर रखने केबिल लाइन डालने का काम किया है। वहीं मंडी पास रोड पर कृषि उपज मंडी के सामने और एचडीएफसी बैंक से लगकर बीच नाले में बिजली वितरण कंपनी के द्वारा ट्रांसफार्मर रखा गया है जो प्रतिदिन दुर्घटना को दावत दे रहा है कई बार बड़े हादसे हो चुके हैं ,इसके बाद भी कई सालों से है ट्रांसफार्मर इसी तरह रखा हुआ है। कई जानवरों की मृत्यु भी नाले में करंट फैलने के कारण हो चुकी है ,इसके बावजूद इसका समाधान नहीं हो पाया है। विधायक उमाकांत शर्मा ने भी इस ट्रांसफार्मर को नाले मे देखकर नाराजगी जाहिर करते हुए ट्रांसफार्मर को नाले में से हटवाने के निर्देश एसडीएम को दिए हैं । अभी हो गया तो हो जाएगा क्योंकि नाले का निर्माण होना है। इसीलिए यहां से इस टसफार्मर को हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट किया जा सकता है। एसडीएम हर्षल चैधरी ने भी प्लानिंग होने की बात कही है।

# शोकाज नोटिस जारी

**सिरोंज।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शासकीय कार्यो में उदासीनता व लापरवाही बरतने पर महिला एवं बाल विकास विभाग की दो पर्यवेक्षक सेक्टरों को शोकॉज नोटिस जारी कर उन्हें तीन दिवस के भीतर उपस्थित होकर जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश कारण बताओं पत्र में जारी किए गए है। कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा जारी कारण बताओ पत्र का हवाला देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत ने बताया कि लटेरी एवं झूकरजोगी सेक्टर की पर्यवेक्षक श्रीमती राजकुमारी बघेल तथा कोलुआ पठार सेक्टर की पर्यवेक्षक श्रीमती रचना कलावत को शोकॉज नोटिस जारी किए गए है। शोकॉज नोटिस में उल्लेख है कि सेक्टर क्षेत्रो की आंगनबाडी केन्द्रो का बेहतर संचालन नहीं करने, निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितता पाए जाने तथा आंगनबाडी केन्द्र बंद पाए जाने व आंगनबाडी केन्द्रो में बच्चो की संख्या कम पाए जाने पर दोनो पर्यवेक्षकों को विभागीय कार्यो के प्रति लापरवाही उदासीनता व वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशो की अवहेलना करने पर दो-दो वेतन वृद्धि रोके जाने की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

# नगर पालिका परिषद ने टैक्स जमा करवाने लगाया कर वसूली कैंप

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



नगर पालिका परिषद के द्वारा बजट पेश करने से पहले सभी तरह के कर जमा करवाने के लिए कैंप लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। गुरुवार को इकरा कॉलोनी में नगर पालिका परिषद के अमले के द्वारा कैंप आयोजित करके संपत्ति कर जल कर नल के निर्माण कर अवैध कॉलोनी में नामांतरण करवाने के आवेदन लोगों को लिए जा रहे हैं। नगर पालिका निर्माण शाखा फरवरी बालमुकुंद कुशवाहा ने बताया कि सभी तरह के टैक्स जमा करवाया जा रहे हैं। छूट भी दी जा रही है जिस व्यक्ति पर जो भी बकाया राशि है टैक्स की बकाया है वह जमा करके इसका लाभ ले सकते है। इसके अलावा अवैध कॉलोनी के नामांतरण भी किए जा रहे हैं उपभोक्ताओं से कॉलोनाइजर शुल्क लेकर नामांतरण कर रहे है। इससे पहले पूरा अमला आसपास के मोहल्ले में पहुंचा और लोगों को कैंप में आकर उसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया विस्तार से दुकानदारों रहवासियों को टैक्स जमा करने के बारे में बताया।

**मेट्रो एंकर** पठारी में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव में शामिल हुए मंत्री और विधायक, सात नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान कर दी शुभकामनाएं

# नि:शुल्क कन्या विवाह और भागवत कथा में शामिल हुए प्रभारी मंत्री लखन पटेल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



विदिशा पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री व विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने गुरूवार को पठारी तहसील में सात फरवरी से चल रही भागवत कथा के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सभी नव विवाहित जोड़ों को शुभाशीर्वाद देते हुए शुभकामनाएं अभिव्यक्त की है।

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कथा वाचक रितु साक्षी एवं व्यासपीठ को नमन करते हुए सात नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कार्यक्रम के संयोजक जसवंत सिंह यादव को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक हरि सिंह, सप्रे विदिशा विधायक मुकेश टंडन गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी, श्यामसुन्दर शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह ठाकुर और राकेश जादौन समेत गणमान्य नागरिक, कथाश्रोतागण व वरवधु के परिवारिकजन मौजूद रहे।

## मुनियों से लिया आशीर्वाद, विद्यासागर महाराज के चित्र का किया अनावरण



विदिशा जिले की तहसील पठारी में जैन समाज के द्वारा आयोजित पंचकल्याणक महामहोत्सव में लखन पटेल ने शामिल होकर मुनिराजों से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे, विदिशा विधायक मुकेश टंडन गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी, श्यामसुन्दर शर्मा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह ठाकुर सहित अन्य गणमान्य नागरिको ने भी आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुनिश्री 108 विमल सागर जी, अनंत सागर जी, धर्मासागर जी, भावसागर जी, निर्दोष सागर जी, निर्लोभ सागर जी एवं निरुपम सागर जी महाराज के सानिध्य में पठारी जैसी छोटी सी जगह में इस तरह के आयोजन होना बहुत बड़ी बात है और इसके लिए पठारी जैन समाज और पंचकल्याणक समिति को उन्होंने बधाई दी। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यो से मन को शांति और जीवन को प्रेरणा मिलती है। मुनियों के आशीर्वाद को सार्थक करने के लिए उनके द्वारा बताए गए सामाजिक उत्थान के मार्गो का अनुसरण कर हम सच्चे अनुयायी बनें। कार्यक्रम को कुरवाई विधायक श्री हरिसिंह सप्रे ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के चित्र का प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने अनावरण किया। इस अवसर पर वात्सल्य प्रदायक पंचकल्याणक आयोजन समिति के सदस्यों के साथ-साथ कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी, श्याम सुन्दर शर्मा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह ठाकुर मौजूद रहें। वात्सल्य प्रदायक पंचकल्याणक महा महोत्सव समिति पठारी के पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल व विधायकगणो सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।



मैनचेस्टर. एजेंसी

जूड बेलिंघम ने अंतिम मिनटों में गोल कर रियाल मैड्रिड को यूएफा चैंपियंस लीग के प्लेऑफ मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ 3-2 से जीत दिला दी। अब रियाल मैड्रिड की टीम 20 फरवरी को होने वाले दूसरे चरण के मैच में एक गोल की बढ़त के साथ उतरेगी। प्लेऑफ में जो टीम जीतेगी वह अंतिम-16 में जगह बनाएगी। इस हार के बाद पूर्व चैंपियन मैनचेस्टर सिटी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। रियाल की ओर से तीनों गोल अंतिम 30 मिनट में आए। वहीं मैनचेस्टर सिटी बढ़त बनाने के बावजूद चूक गई।

**बेहद कड़ा मुकाबला :** यह मुकाबला बेहद कड़ा था और हमारे पास कई मौके आए थे। आखिर में हम मैच हार गए। यह पहली बार नहीं है, ऐसा कई बार होता है। बड़े मैचों में गलतियां होती हैं। इसे मैनेज करना मुश्किल है। खिलाड़ी पल भर में निर्णय लेते हैं, कभी-कभी यह काम करता है और कभी-कभी नहीं। हम अंतिम मिनट में परिणाम के साथ पहुंचे, लेकिन हम इसे बरकरार नहीं रख सके।

## एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप: मकाऊ को हराकर नॉकआउट में जगह पक्की

किंगदाओ (चीन). एजेंसी

पिछले बार के कांस्य पदक विजेता भारत ने बुधवार को ग्रुप-डी के पहले मुकाबले में मकाऊ पर 5-0 की शानदार जीत के साथ अपने बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप अभियान का विजयी आगाज किया। इस जोरदार जीत ने भारत की नॉकआउट चरण में जगह भी पक्की कर दी। अब वे ग्रुप विजेता का फैसला करने के लिए गुरुवार को दूसरे मुकाबले में दो बार के उपविजेता दक्षिण कोरिया से भिड़ेंगे। लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल में पुई पैंग फोंग को 21-16, 21-12 से और मालविका बंसोड़ ने महिला एकल में चान हाओ वाई पर 21-15, 21-9 की शानदार जीत दर्ज की। फिर एमआर अर्जुन और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने मकाऊ के पुई ची चोन और वोंग कोक वेंग को 21-15, 21-9 से हराया। गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जॉली ने महिला युगल में एनजी वेंग और पुई ची वा पर 21-10, 21-5 से जीत हासिल की।

## रजत पाटीदार आरसीबी के कप्तान बने

# विराट कोहली बोले- आप इसके हकदार; 2021 से टीम के साथ

नईदिल्ली. एजेंसी

रजत पाटीदार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के नए कप्तान बनाए गए हैं। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को ड्ड पोस्ट के जरिए रजत को नया कप्तान घोषित किया। इससे पहले विराट कोहली को कप्तान बनाए जाने की अटकलें थी, हालांकि ऐसा नहीं हुआ। फ्रेंचाइजी ने कोहली का एक वीडियो शेयर किया, इसमें उन्होंने पाटीदार को कप्तान बनाए जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, मैं और टीम के अन्य सदस्य आपके साथ हैं, रजत। जिस तरह से आपने इस फ्रेंचाइजी में प्रगति की है और जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया है, आपने सभी आरसीबी प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है। आप इसके हकदार हैं।

31 साल के पाटीदार फाफ डु प्लेसिस की जगह लेंगे। डु प्लेसिस ने 2022 से 2024 के सीजन में आरसीबी की कप्तानी की थी, लेकिन फ्रेंचाइजी ने उन्हें 2025 के लिए रिटेन नहीं किया था। रजत 2021 से टीम के साथ हैं। फ्रेंचाइजी ने उन्हें मेगा ऑक्शन-2024 से पहले रिटेन किया था। रजत सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी के 2024-25 सीजन में मध्य प्रदेश के कप्तान रहे हैं। आरसीबी की फ्रेंचाइजी ने इस पोस्ट के जरिए रजत को कप्तान बनाने का ऐलान किया।




### कप्तान बनने के बाद रजत पाटीदार ने कहा

हमारे पास लीडर्स का एक ग्रुप है। उनके अनुभव नए रोल में मेरी मदद करेंगे। मेरे लिए यह क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक (कोहली) से सीखने का शानदार मौका है। उनका अनुभव कप्तान की भूमिका में मेरी मदद करेगा। पाटीदार ने एमपी को स्मार्ट के फाइनल में पहुंचाया रजत पाटीदार ने मप्र को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 के फाइनल में पहुंचाया था। मप्र की टीम को फाइनल मुकाबले में मुंबई ने 5 विकेट से हराया था। रजत ने 81 रनों की नाबाद पारी खेली थी, लेकिन अपनी टीम को चैंपियन नहीं बना सके। रजत ने इस सीजन में 9 मैचों में 61.14 की एवरेज से 428 रन बनाए थे। वे अजिंक्य रहाणे के बाद टॉप स्कोरर रहे। रहाणे ने 8 मैचों में 469 रन बनाए। 2021 में आरसीबी के साथ जुड़े थे रजत पाटीदार मप्र के रहने वाले रजत पाटीदार 2021 से आरसीबी की फ्रेंचाइजी के साथ जुड़े हुए हैं। उन्होंने इंजरी रिप्लेसमेंट के तौर पर 2022 में वापसी की थी। रजत पाटीदार 27 आईपीएल मैचों में 158.85 के स्ट्राइक रेट से 799 रन बना चुके हैं। उनके नाम एक शतक और 7 अर्धशतक शामिल हैं।

### 38वें राष्ट्रीय खेल: 4 गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले स्पर्धा में केरल ने मारी बाजी

## 5000 मीटर दौड़ में अंकिता ध्यानी बनीं चैंपियन

देहरादून. एजेंसी

मेजबान उत्तराखंड की स्टार खिलाड़ी अंकिता ध्यानी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। अंकिता ने महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में जीत दर्ज की। उन्होंने 15 मिनट, 56.03 सेकंड में रेस पूरी की। इससे पहले वे 3000 मीटर स्टीपल चेज और 10 हजार मीटर दौड़ में रजत पदक जीत चुकी हैं। इस बीच 4 गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम स्पर्धा में केरल ने खिताब जीता। केरल की टीम ने तीन मिनट, 25.35 सेकंड के समय के साथ यह उपलब्धि हासिल की। 400 मीटर दौड़ में विथ्या ने स्वर्ण पदक जीता।

**भाला फेंक में यूपी का क्लीन स्वीप:** पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में उत्तर प्रदेश ने क्लीन स्वीप किया। सचिन यादव ने 84.39 मी के रेकॉर्ड के साथ स्वर्ण, रोहित यादव (80.47) ने रजत व विकास (79.33) ने कांस्य पदक जीता।

**सेना का दबदबा:** खेलों में सेना का दबदबा है। सेना 54 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर है। उसने अब तक कुल 97 पदक जीते हैं। महाराष्ट्र 41 स्वर्ण समेत कुल 146 पदक लेकर दूसरे नंबर पर है।



## हॉकी चैंपियन बनने से एक कदम दूर बेटियां

### स्वर्णमयी मलखंब के साथ जीते 6 पदक, आज 5 गोल्ड पर दावा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र महिला हॉकी टीम लगातार दूसरी बार नेशनल चैंपियन बनने से एक कदम दूर है। हरिद्वार में 38वें राष्ट्रीय खेल के सेमीफाइनल मुकाबले में बुधवार को मप्र महिला टीम ने महाराष्ट्र को पेनल्टी शूट आउट में 4-1 से हराकर सफर तय किया। फाइनल में हरियाणा से मुकाबला होगा। मप्र टीम को महाराष्ट्र के खिलाफ कड़ा संघर्ष करना पड़ा। 6वें मिनट में महाराष्ट्र की एश्वर्या ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदल बढ़त हो हासिल कर ली। एक गोल की बढ़त के बाद महाराष्ट्र ने रक्षात्मक खेलकर मप्र को गोल करने का मौका नहीं दिया। 43वें मिनट में मप्र की पेनल्टी कार्नर मिला, जिसे नीलांजलि ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। मैच 1-1 से ड्रॉ रहा और पेनल्टी शूटआउट से निर्णय हुआ। मप्र से एश्वर्या, अंजलि, साधना और उपासना ने गोल किए और टीम को 4-1 गोल से जीत दिलाई। मैच शुरू होने से पहले ही हमारी टीम ने रणनीति बनाई थी कि आखिरी तक लड़ना है। मप्र हॉकी टीम कप्तान करिश्मा यादव, भले ही शुरू में हमारी टीम एक गोल से पिछड़ गई थी, लेकिन हम दवाब में नहीं आए और यही कारण रहा कि हम जीते। गोलकीपर का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा। लगातार बाद चैंपियन बनने के करीब है यह गर्व की बात है। हमारी टीम के खिलाडियों का फिटनेस लेवल बेहतर है, इसलिए हम लगातार मैच जीते। महाराष्ट्र में मप्र हॉकी एकेडमी में रह चुकी खिलाड़ी खेल रही थी, इसलिए मैच टफ रहा। इस जीत का श्रेय गोलकीपर को जाता है।






## एसआईपी दूसरे महीने भी 26,000 करोड़ के पार, एयूएम रेकॉर्ड स्तर पर

### मेट्रो बाजार

नईदिल्ली, एजेंसी

मासिक म्यूचुअल फंड्स एसआईपी जनवरी में 26,400 करोड़ रुपए रही है। इस पहले दिसंबर में यह 26,459 करोड़ रुपए थी। यह लगातार दूसरा मौका है जब मासिक म्यूचुअल फंड्स एसआइपी का आंकड़ा 26,000 करोड़ के पार रहा है। यह दिखाता है कि निवेशक अनुशासन के साथ लंबी अवधि के नजरिए से शेयर बाजार में लगातार निवेश कर रहे हैं। सभी ओपन एंडेड म्यूचुअल फंड्स में जनवरी में 1.87 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है, जो कि दिसंबर में 80,509 करोड़ रुपए पर था। सभी ओपन एंडेड म्यूचुअल फंड्स की कुल एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) जनवरी में बढ़कर 66.98 लाख करोड़ रुपए हो गई है, जो कि दिसंबर के एयूएम 66.66 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले 0.49 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान हाइब्रिड फंड्स में 8,767.5 करोड़ रुपए का निवेश हुआ, जबकि पिछले महीने 4,369.8 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था। म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या में भी इजाफा हुआ है और जनवरी में यह बढ़कर 22.91 करोड़ हो गई है, जो कि दिसंबर में 22.50 करोड़ थी। हालांकि, इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में जनवरी में 39,687 करोड़ रुपए का इनफ्लो आया है। यह दिसंबर में आए 41,155.9 करोड़ रुपए के निवेश से 3.6 प्रतिशत कम है। जनवरी 2025 में लार्जकैप में 3,063.3 करोड़ रुपए का निवेश आया है। डेट फंड्स में जनवरी में रिकॉर्ड 1.28 लाख करोड़ रुपए का निवेश आया है, जबकि इस कैटेगरी में दिसंबर में 1.27 लाख करोड़ रुपये की निकासी की गई थी। हाइब्रिड फंड्स में 8,767.5 करोड़ रुपए का निवेश हुआ, जबकि पिछले महीने 4,369.8 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। इस कैटेगरी में सबसे अधिक निवेश आर्बिट्रेज फंड्स से हुआ, जिसमें 4,291.7 करोड़ रुपए का निवेश हुआ।




### अमरीका-जापान-ईयू के साथ भारत का दोगुना होगा व्यापार

**नई दिल्ली.** अमरीका-चीन के बीच ट्रेड वॉर बढ़ने की आशंका है, जिससे भारत को फायदा होने की उम्मीद है। बॉस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 8 साल यानी वर्ष 2033 तक भारत का कुल व्यापार 6.4त्न सीजीआर की सालाना ग्रोथ के साथ 1.8 ट्रिलियन डॉलर यानी 158 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है। बीसीजी की रिपोर्ट में कहा कि अमरीका सहित ग्लोबल कंपनियां अब चीन की जगह भारत से सप्लाई के बारे में सोच रही हैं। साथ ही भारत सरकार भी मैन्युफैक्चरिंग को लगातार बढ़ावा दे रही है। भारत के पास बड़ी तादात में ऐसा वर्कफोर्स है जिनकी लागत कम है।


**मनोरंजन** बॉलीवुड का कोना

## 'दबिड़ी दिबिड़ी' गाने पर बोलीं उर्वशी मैंने कुछ असामान्य नहीं किया...

उर्वशी रौतेला हाल ही में साउथ फिल्म डाकू महाराज में नजर आई थीं। अब एक इंटरव्यू में उन्होंने फिल्म के गाने दबिड़ी दिबिड़ी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें लगा था कि इसे पॉजिटिव लिया जाएगा। लेकिन लोगों के रिएक्शन से वह खुद हैरान थीं। दरअसल, इस गाने के डांस मूव्स को लेकर सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई थी। एक बातचीत के दौरान उर्वशी ने कहा कि दबिड़ी दिबिड़ी गाना खास तौर पर नंदामुरी बालकृष्ण के फैंस के लिए बनाया गया। इसके बोल भी उन्हीं के विचारों के अनुसार लिखे गए हैं। उर्वशी ने कहा, 'जब आप मेरी रिहर्सल की वीडियो देखते हैं, तो सब कुछ बहुत अच्छे से हुआ था। यह बिल्कुल वैसे ही था जैसे आमतौर पर किसी भी गाने की कोरियोग्राफी की जाती है। मैं मास्टर शेखर के साथ काम कर रही थी, जिनके साथ मैंने पहले भी तीन बार काम किया है। मैंने कुछ असामान्य भी नहीं किया था। उर्वशी ने कहा, रिहर्सल के दौरान सब कुछ सही और आसान था। लेकिन सच बताऊं सब कुछ इतनी जल्दी हो गया कि यह समझना मुश्किल हो रहा था कि लोग कोरियोग्राफी के बारे में इस तरह क्यों बात कर रहे हैं। हमें नहीं पता था कि इसे इस तरह लिया जाएगा, क्योंकि रिहर्सल में सब कुछ प्लान के अनुसार हुआ था। एक टीम के रूप में हमें सच में ऐसे रिएक्शन की उम्मीद नहीं थी। बता दें, फिल्म डाकू महाराज बीते माह रिलीज हुई थी। फिल्म में नंदामुरी बालकृष्ण, उर्वशी रौतेला, बॉबी देओल और दुलकर सलमान नजर आए थे। जैसे ही इस फिल्म का गाना दबिड़ी दिबिड़ी रिलीज हुआ, तो कई यूजर्स गाने की कोरियोग्राफी और डांस स्टेप देखकर भड़क गए थे। उर्वशी रौतेला का नया गाना देख भड़के फैंस ने कहा था कोरियोग्राफी अश्लील और घटिया, साउथ की डाकू महाराज के गाने में नंदमुरी बालाकृष्णा के साथ नजर आईं हाल ही में डाकू महाराज का गाना दबिड़ी दिबिड़ी रिलीज हुआ है।



## हर्षवर्धन बोले- स्टार किड्स से बेहतर काम कर रहे हैं बाहरी कलाकार...



सनम तेरी कसम के अभिनेता हर्षवर्धन राणे ने स्टार किड्स, फिल्मों और काम को लेकर अपनी राय दी है। उन्होंने कहा कि स्टार किड्स से ज्यादा बेहतर काम इंडस्ट्री में बाहर से आए कलाकार कर रहे हैं। साल 2016 में आई फिल्म सनम तेरी कसम को सिनेमाघरों में री-रिलीज किया गया। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर आई नई फिल्मों से ज्यादा फैंस का प्यार मिल रहा है। फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर भी काफी चर्चा हो रही है। इस फिल्म को देख फैंस की मांग बढ़ गई है कि अभिनेता को बड़ी फिल्मों में कास्ट किया जाए। हर्षवर्धन राणे इन दिनों इंडस्ट्री में स्ट्रगल कर रहे हैं। एक बातचीत में हर्षवर्धन ने बताया कि कैसे उन्हें इंडस्ट्री में चल रहे भाई-भतीजावाद से परेशानी है। हर्षवर्धन ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैं उन लोगों में से हूं जो अपने आस-पास चल रही आवाजों से ज्यादा काम करने में विश्वास करता हूं। कहा जाता है कि स्टार किड्स को बेहतर काम मिला है, लेकिन जब मैं लिस्ट देखता हूं, तो इसमें से कुछ लोग पहले ही अपने काम से हट चुके हैं। हर्षवर्धन राणे ने कहा कि स्टार किड्स से ज्यादा इंडस्ट्री के लोग बेहतर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम उनकी सफलता पर नजर क्यों नहीं डालते हैं। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री से ही नहीं अगर हमें किसी भी चीज पर संशय हो तो हमें उसके नोट्स बनाकर रख लेने चाहिए, इसमें कोई बुराई नहीं है। हर्षवर्धन ने कहा, मैं कहता हूं कि स्टार किड्स से ज्यादा बाहर से आए लोग बेहतर काम कर रहे हैं। स्टार किड्स को इंडस्ट्री बाहर से आए कलाकारों से कम ही काम मिल रहा है। इंडस्ट्री से कोई ताल्लुक न रखने वाले कलाकार ही बेहतर काम कर रहे हैं। अभिनेता ने इस बातचीत में कहा कि मैं चाहता हूं कि इंडस्ट्री मुझ पर विश्वास करे।

## 'लोग कहते थे मैं विदेशियों की तरह दिखती हूं', टूटी नाक के साथ की पहली फिल्म: श्रुति

एक्ट्रेस श्रुति हासन अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात करती हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी नाक की सर्जरी और फिलर्स के बारे में बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि अगर उन्होंने नाक की सर्जरी कराई है, तो उसमें गलत क्या है? हॉटरफलाई के शो द मेल फेमिनिस्ट में श्रुति ने स्वीकार किया कि उन्होंने फिलर्स और नाक की सर्जरी करवाई थी, जो एक चोट के बाद जरूरी हो गई थी। उन्होंने बताया कि जब वह फिल्म इंडस्ट्री में आई थीं, तब उनकी नाक टूटी हुई थी, लेकिन कई लोग इसे बहाना समझ रहे थे। श्रुति ने कहा, मैंने अपनी नाक ठीक करवाई थी और यह साफ था कि मैंने सर्जरी करवाई। मेरी नाक पहले टूटी हुई और अलग थी। मैंने अपनी पहली फिल्म बिना सर्जरी के की थी, फिर लोग कहते थे कि मैं डिविएटेड सेप्टम का बहाना बना रही हूं। लेकिन मेरी नाक में वाकई डिविएटेड सेप्टम (नाक के अंदर स्थित सेप्टम का टेढ़ा या मुड़ा हुआ होना) था और वह बहुत दर्द देता था। अगर मैं इसे सुंदर बना सकती थी, तो मैंने बना लिया। श्रुति ने यह भी स्वीकार किया कि उन्होंने फिलर्स करवाए हैं और यह बताया कि अगर भविष्य में फेसलिफ्ट (अधिक युवा दिखने के लिए चेहरे की सर्जरी) करवाने का सोचें, तो यह पूरी तरह से उनका फैसला होगा। श्रुति की मानें तो यह उनका शरीर है और इस पर उनका हक है। हालांकि, एक्ट्रेस न तो ऐसी सर्जरी को बढ़ावा देती हैं और न ही इसका विरोध करती हैं। उनका मानना है कि हर किसी को वही करना चाहिए जो उनके लिए सही हो। वह चाहती हैं कि लोग उनके व्यक्तिगत फैसलों की आलोचना करने के बजाय उनके काम पर ध्यान दें। श्रुति ने यह भी कहा कि शुरुआत में उनसे कहा गया कि वह एक हीरोइन की तरह नहीं दिखतीं। लोग उनके बारे में कहते थे, श्रुति का चेहरा विदेशियों की तरह दिखता है, उसके पास टैलेंट तो है, लेकिन वह इंडियन की तरह नहीं लगती। हालांकि, जब उन्होंने फिल्में करनी शुरू की, तो उन्हें एक गांव की लड़की का किरदार ज्यादा मिला।

**श्रुति ने 1999 में शुरू किया था फिल्मी करियर :** श्रुति ने 1999 में अपना करियर शुरू किया था। वह साउथ इंडियन सिनेमा की एक मानी जाती एक्ट्रेस हैं। श्रुति ने डी-डे, रमैया वस्तावैया, गब्बर इज बैक, वेलकम बैक और रॉकी हैंडसम जैसी फिल्मों में काम किया है। वह शॉर्ट फिल्म देवी में भी नजर आई थीं।



# रिजर्वेशन कराने आए युवक से जीआरपी थाने के पास मोबाइल लेकर भागे बदमाश



**भोपाल।** राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन के बाहर जीआरपी थाने के पास स्कूटर सवार बदमाशों ने युवक का मोबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत 20 हजार रुपए बताई जा रही है। जीआरपी ने झपटमारी का मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी सौरभ साहू ने जीआरपी को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि 12 फरवरी को वह रिजर्वेशन कराने के लिए मुख्य रेलवे स्टेशन भोपाल पहुंचा था। सुलभ कांप्लेक्स में टायलेट के बाद वह बाहर निकला और सुलभ शौचालय के पीछे तरफ गया। इस दौरान उसने काल करने के लिए जेब से मोबाइल निकाला, तभी सामने से एक स्कूटर से आए दो बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने सौरभ के हाथ पर झपट्टा मारा और मोबाइल झपटकर ले गया। सौरभ ने चोर चोर चिल्लाते हुए उनका पीछा भी किया था, लेकिन वे स्कूटर लेकर भाग निकले। स्कूटर में नंबर प्लेट नहीं थी।

# छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में महिला का पर्स गायब



**भोपाल।** रानी कमलापति जीआरपी ने बताया कि रसलीन कौर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में रायपुर से अंबाला केंट की यात्रा कर रही थी। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन निकलने के बाद उन्होंने देखा तो उनका हैंड चोरी हो चुका था। हेंड बेग में ब्लू कलर का था। उसमें दो चार्जर एक छोटा पर्स था। पर्स में 5 हजार रुपए की नगदी सहित, एयरबर्डस व हेड फोन था।

## केरला एक्सप्रेस में महिला यात्री का पर्स लेकर गायब हो गए चोर

जीआरपी भोपाल ने बताया कि देवा नंदा पिता मंजु (19) निदमन गार्ड त्रिवेन्दपुरम केरला में रहती है। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि वे नई दिल्ली कि यात्रा कर रही थी। यात्रा के दौरान उनके पास हैंड बैग था। बैग के अंदर मोबाइल और 10 हजार रुपए की नगदी थी। इसके अलावा एटीएम कार्ड, लायबेरी कार्ड ,पावर बैंक ,एयर फोन कीमती था। भोपाल स्टेशन से ट्रेन गुजरी तो उनका हैंड बैग चोरी हो चुका था।

## भीड़ का फायदा उठाकर युवक की जेब से मोबाइल चोरों ने कर दिया पार

कुरावर जिला राजगढ़ निवासी 24 साल के सुनील अहिरवार ने जीआरपी भोपाल को शिकायत करते हुए बताया कि नर्मदा एक्सप्रेस में वह जनरल कोच में शुजालपुर से बैठकर संत हिरदाराम स्टेशन जा रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपना मोबाइल लोवर की पेंट की जेब से रखा था। ट्रेन में भीड़ थी और वह बाथरूम के पास खड़ा हो गया। सीहोर स्टेशन निकलने के बाद उसने अपने जीजा को कॉल करने के लिए जेब में हाथ डाला तो जेब में मोबाइल नहीं था। कोई अज्ञात चोर मोबाइल चुराकर ले जा चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 19 हजार रुपए बताई जा रही है।

### साइबर ठगों को अकाउंट बेचने वाले पांच गिरफ्तार

# देश में कहीं भी साइबर ठगी में भोपाल का बैंक अकाउंट मिला तो पुलिस खुद बनेगी फरियादी

**आरोपियों ने म्यूल बैंक अकाउंट को साइबर ठगों को बेचा, इन म्यूल बैंक अकाउंट में साइबर ठगी के पैसों का लेनदेन किया गया**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

साइबर काइम ब्रांच ने भोपाल को म्यूल अकाउंट मुक्त बनाने की पहल शुरू की है। साइबर क्राइम ब्रांच ने समन्वय पोर्टल के माध्यम से देशभर के अलग-अलग राज्यों में हुए साइबर अपराधों पर खुद संज्ञान लिया है। साइबर क्राइम ब्रांच ने साइबर ठगों को म्युल अकाउंट बेचने वाले पांच लोगों पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया है। म्यूल अकाउंट वे बैंक अकाउंट्स होते हैं, जिनका उपयोग साइबर ठग बड़ी रकम ट्रांसफर करने के लिए करते हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने अपने म्यूल बैंक अकाउंट को साइबर ठगों को बेच दिया था। इन म्यूल बैंक अकाउंट में साइबर ठगी के पैसों का लेनदेन किया गया है। डीसीपी अखिल पटेल ने बताया कि केंद्र सरकार के समन्वय पोर्टल पर भोपाल के म्यूल बैंक अकाउंट के साइबर क्राइम में संलिप्त होने की शिकायतें मिल रही हैं। साइबर क्राइम ब्रांच खुद भोपाल के बैंक अकाउंट धारकों की जानकारी के लिए संबंधित बैंकों को नोटिस जारी कर रही है। जानकारी आने के बाद पुलिस बैंक खाता धारक के खिलाफ खुद फरियादी बनकर एफआईआर दर्ज कर रही है। ऐसे ही पांच अकाउंट होल्डर को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से पुलिस ने मोबाइल, सिम कार्ड, बैंक खाते जब्त किए गए हैं।

### आएगी साइबर ठगी के अपराधों में कमी

डीसीपी पटेल ने बताया कि पुलिस को म्यूल अकाउंट जालसाजों को गिरफ्तार करने पहल की है। दरअसल, ठगी की शुरुआती रकम इन्हीं म्युल अकाउंट में आती है। यदि अकाउंट होल्डर म्युल अकाउंट साइबर जालसाजों को नहीं देंगे तो ठगी की रकम ट्रांसफर नहीं हो सकेगी, क्योंकि ठगी की रकम साइबर जालसाज अपने अकाउंट में ट्रांसफर नहीं कराते है, बल्कि म्युल अकाउंट में ट्रांसफर कराते हैं। खुद को अकाउंट में रकम ली जाएगी तो गिरफ्तारी में परेशानी नहीं होगी।

### इन अकाउंट होल्डरों की हुई गिरफ्तार

पकड़े गए आरोपियों में करण वाल्मिक, निवासी-कोलार, महज आठवीं तक पढ़ा है। आरोपी ने तीन म्युल अकाउंट साइबर जालसाजों को बेचे थे। अरुण बोरडे, निवासी-ओम नगर कोलार, 12वीं तक पढ़ा है। 4 म्यूल बैंक अकाउंट साइबर ठगों को मुहैया कराए थे। तरुण राय, निवासी-श्याम नगर हबीबगंज। 12वीं तक पढ़ा है। म्यूल बैंक खाते खुलवाकर सायबर ठगों को बेचता है। सैय्यद अरशद, निवासी-जहांगीराबाद। स्नातक की पढ़ाई कर रहा है। म्यूल बैंक अकाउंट होल्डर, आरिश खान, निवासी-जहांगीराबाद। 10 वीं तक पढ़ा है। म्यूल बैंक खुलवाकर सायबर ठगों को बेचना।

### शिकायत होन पर इस तरह से कार्रवाई

उदाहरण के तौर पर यदि केरल निवासी किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी हुई है तो वह स्थानीय थाने में शिकायत करेगा या फिर नेशनल पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएगा। अब केरल पुलिस जांच शुरू करती है तो पता चलता है कि ठगी की रकम को रोटेट करने करने के लिए 50 से अधिक म्यूल अकाउंट का उपयोग किया गया है। अब 50 खाता धारकों को अलग-अलग लोकेशन से पकड़ना मुश्किल है।

ऐसे में साइबर क्राइम ब्रांच ने म्यूल अकाउंट बेचने वाले भोपाल के रहने वाले जालसाजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करना शुरू कर दिया है। ठगी भले ही दूसरे राज्य में हुई है, लेकिन यदि अकाउंट भोपाल के किसी बैंक का है तो संबंधित अकाउंट होल्डर पर एफआईआर और उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

### तीन तरह से बेचे जा रहे अकाउंट

अकाउंट होल्डर अपने म्युल अकाउंट तीन तरीके से साइबर ठगों को बेच रहे हैं। पहला-एक मुश्त रकम लेकर, दूसरा-ठगी की रकम का कमीशन लेकर, तीसरा-हर महीने उनसे पैमेंट लेकर।

# आज उपराष्ट्रपति समेत कई वीवीआईपी भोपाल प्रवास पर बदला रहेगा शहर का यातायात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समेत कई वीवीआईपी आज शाम भोपाल प्रवास पर हैं। वह राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी और वाना ग्रीन गार्डन नीलबड़ समेत विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वीवीआईपी की सुरक्षा और आमजनता की सुविधा को देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था बदली रहेगी।

### यहां से गुजरेगा काफिला

उपराष्ट्रपति ओल्ड एयरपोर्ट से रवाना होकर स्टेट हेंगर तिराहा, लालघाटी, व्हीआईपी रोड, रेतघाट, पॉलिटेक्निक चौराहा, स्मार्ट रोड, भदभदा चौराहा, सूरज नगर तिराहा, साक्षी ढाबा तिराहा, केरवा डेम रोड, संस्कार वेली स्कूल रोड, कलियासोत रोड, जागरण लेक यूनिवर्सिटी तिराहा से होकर सागर ग्रीन पहुंचेगा। सागर ग्रीन सिटी से वापस इसी मार्ग से सूरज नगर तिराहा होकर राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम के बाद उपराष्टपति डीपीएस तिराहे से वाना ग्रीन गार्डन में आयोजित केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे की शादी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### यहां बदलेगा ट्रैफिक

डिपो तथा भदभदा चौराहा होकर साक्षी ढाबा, नीलबड़, रातीबड़ जाने वाले व्हीव्हीआईपी रोड पर शाम 6 बजे के बाद लगातार आना-जाना रहेगा। इस दौरान भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, जबकि सामान यातायात चलता रहेगा। गांधीनगर और एयरपोर्ट की ओर से आने वाला यातायात आशाराम तिराहा से करोंद बायपास होकर चलाया जायेगा। रोशनपुरा और डिपो चौराहे से पॉलिटेक्निक की ओर आने वाला यातायात गांधी पार्क, पुराना पुलिस कन्ट्रोल रूम तिराहा, तलैया थाना तिराहा, भारत टॉकीज, हमीदिया रोड होकर जाएगा। कई अन्य वीवीआईपी पहुंचेंगे भोपाल केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह के पुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में उपराष्टपति के साथ ही केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, राज्यपाल, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और मुख्यमंत्री समेत अन्य वीवीआईपी के शामिल होने की संभावना है।

# टेलर को गोली मारने वाले बदमाश को किया गिरफ्तार

**एक्टिवा में टक्कर से हुए नुकसान की भरपाई करने हुआ था विवाद, पीछे करने के बाद मारी थी गोली**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

निशातपुरा थाना क्षेत्र में एक्टिवा और बाइक के बीच हुई टक्कर के बाद बाइक सवार टेलर को गोली मारने वाले एक्टिवा सवार बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से देशी कट्टा और एक्टिवा बरामद की गई है। आरोपी टीटी नगर का निगरानी बदमाश है। वह अपने एक परिचित की गाड़ी लेकर निकला था।

आरोपी का कहना है कि बाइक सवार मोबाइल पर बात कर रहा था। टक्कर लगने से उसकी एक्टिवा क्षतिग्रस्त हो गई थी। वह बाइक सवार युवकों से एक्टिवा में हुए नुकसान की भरपाई करने का कह रहा था। इसी बात को लेकर उन्होंने गाली गलौज शुरू कर दी थी।

पुलिस के अनुसार चांदबड़ स्टेशन बजरिया निवासी जाहिद खान (33) टेलरिंग का काम करते हैं। वह बुधवार दोपहर अपने दोस्त जोहेब के साथ बाइक से आरिफ नगर सब्जी मंडी जा रहे थे। इस दौरान बेस्ट प्राइज तिराहे के पास गल्ला मंडी रोड पर उनकी बाइक एक एक्टिवा से टकरा गई। टक्कर लगने के बाद दोनों के बीच गाली-गलौज और विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर एक्टिवा सवार ने अपने बैग से देशी कट्टा निकाल लिया।



उसके पास कट्टा देख जाहिद खान और जोहेब वहां से भागे। एक्टिवा सवार बदमाश ने उनका पीछा किया और पीपुल्स मॉल के पीछे प्रीमियर आर्चेड कॉलोनी के पास घेर लिया। जाहिद पर गोली चला दी। गोली जाहिद की बांह को छेदती हुई बाइक के साइड मिरर में जा घुसी थी।

### नंबर से पकड़ा बदमाश

जाहिद और जोएब ने एक्टिवा का नंबर देख लिया था। पुलिस एक्टिवा के नंबर के आधार पर उसके मालिक तक पहुंची। उसने बताया कि पंचशील नगर टीटी नगर निवासी नीलेश कामले उससे एक्टिवा मांगकर ले गया था। पुलिस ने घेराबंदी कर नीलेश कामले उर्फ नीलेश शूटर (33) निवासी पंचशील नगर टीटी नगर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ टीटी नगर व शहर के कई थानों में एक दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध हैं।

## फांसी लगाकर की कंडक्टर ने दी जान

**भोपाल।** एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित जिला अदालत के पीछे राजीव नगर में कंडक्टर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसके भाई ने बताया कि वह रात तीन बजे तक मोबाइल चला रहा था। सुबह करीब 7 बजे उसकी नींद खुली तो भाई फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। पुलिस ने मर्ग कायम कर कंडक्टर का मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस मोबाइल की सीडीआर निकलवा रही है। पुलिस के अनुनसार 25 साल का आदित्य मेहरा पिता नारायण मेहरा, जिला अदालत के पीछे राजीव नगर झुग्गी में रहता था और निजी बस में कंडक्टर का काम करता था। उसकी झुग्गी में एक कमरा और छोटा किचन है। आदित्य मेहरा के भाई ने बताया कि रात करीब तीन बजे उसकी नींद खुली तो आदित्य मोबाइल चला रहा था। इसके बाद वह सो गया। सुबह करीब 7 बजे उसकी नींद खुली तो आदित्य फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मौके पहुंची और शव पीएम के लिए मर्चूरी भेजा गया। परिजन के बयान में किसी तरह के विवाद की बात सामने नहीं आई है।

**रात तीन बजे भाई ने देखा तो चला रहा था मोबाइल**

# राजधानी से 24 घंटे में ऑटो समेत लाखों रुपए के दोपहिया वाहन उड़ा ले गए चोर

**जहांगीराबाद में नगर निगम कार्यालय के पास खड़ा शाहिद खान और सुभाष कालोनी अशोका गार्डन से विजय कुमार का आटो गायब, कई जगह से बाइक और स्कूटी पर किया हाथ साफ**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। बीते चौबीस घंटों के दौरान शहर के विभिन्न इलाकों से बदमाश 2 आटो समेत लाखों रुपये कीमत के करीब एक दर्जन दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार जहांगीराबाद स्थित नगर निगम कार्यालय के पास खड़ा शाहिद खान और सुभाष कालोनी अशोका गार्डन से विजय कुमार का आटो चोरी चला गया। चोरी गए दोनों आटो की कीमत पुलिस ने डेढ़ लाख रुपये बताई है। इधर पिपलानी से इंद्रपुरी से जितेंद्र पाराशर और गांधी मार्केट से शीतल चढ़ार की बाइक चोरी चली गई। शाहजहांनाबाद में एलबीएस अस्पताल के सामने शुभम साहू और शाहजहांनाबाद रोड से राजकुमार चांदवानी की स्कूटर चोरी हो गई। गौतम नगर स्थित चौकसे नगर से आरिफ खान, साईनाथ नगर कोलार से पिंकी शर्मा, बैरागढ़ स्थित सिविल अस्पताल परिसर से संजय रजक और बिलखिरिया थानांतर्गत एलएनसीटी कालेज के सामने से कल्पित प्रताप सिंह की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**मेट्रो एंकर** ओवरस्पीड के कारण चेतक ब्रिज पर हुआ हादसा, बीच सड़क पर पलटी कार

# लेंडरोवर फ्रीलेंडर कार ने 2 एक्टिवा को ठोका, 3 घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

चेतक ब्रिज पर गुरुवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे एक तेज रफ्तार लेंडरोवर फ्रीलेंडर कार ने दो एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में एक्टिवा सवार महिला समेत दो लोगों को चोट आई है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। टक्कर लगने से महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। टक्कर मारने वाली कार टायर व्यापारी की बताई जा रही है। घटना के समय वह और ड्राइवर कार में मौजूद था।

जानकारी के अनुसार दो अलग अलग स्कूटर पर धर्मेंद्र गुर्जर, सुभाष और जया राठौर चेतक ब्रिज से गुजर रही थी। इस दौरान दोपहर करीब साढ़े 12 बजे टॉकिज से अन्ना नगर की तरफ जा रही ओरवस्पीड लैंडरोवर फ्रीलेंडर कार ने धर्मेंद्र, सुभाष और जया राठौर की एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद



कार चला रहे ड्राइवर ने कार रोकने की बजाय उसकी रफ्तार और बढ़ा दी। भागने की फिराक में कार डिवाइडर से टकराई थी और पलट गई। कार के सभी ऐयरबैग खुल गए थे। बताया जाता है कि हादसे के समय कार में ड्राइवर और मालिक जयस दुग्गल मौजूद थे। जयस दुग्गल एमआरएफ टायर के व्यापारी बताए जा रहें हैं। कार पलटने के बाद एयरबैग खुलने से उन्हें गंभीर चोट तो नहीं आई है, लेकिन सीने में अंदरुनी चोट हैं और उन्हें भी अस्पताल पहुंचाया गया था।

### होने लगा था ट्रैफिक जाम

हादसे के बाद कार मुख्य सड़क पर पलटी थी। आने जाने वाले रुककर वीडियो बनाने लगे। लिहाजा जाम की स्थिति बनने लगी थी। घटना की जानकारी मिलते ही गोविंदपुरा पुलिस मौके पर पहुंची। इधर, ट्रैफिक पुलिस भी क्रेन लेकर पहुंच गई थी। लोगों की मदद से पुलिस ने कार को सीधा किया और लेकर गोविंदपुरा थाने पहुंची थी।

## सिलेंडर से भरे ट्रक ने कार को मारी टक्कर

**भोपाल।** भानपुर ब्रिज पर गैस सिलेंडर से भरे मिनी ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से भिड़ गई। हादसे में कार सवार दो लोगों को चोट आई है। गनीमत रही कि सिलेंडर से भरा मिनी ट्रक अनियंत्रित नहीं हुआ, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हादसे के बाद चालक मिनी ट्रक छोड़कर फरार हो गया। छोला थाना पुलिस ने उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 22 वर्षीय निखिल करोठिया छोला स्थित शबरी नगर में परिवार के साथ रहता है। गुरूवार को वह अयोध्यानगर से वापस अपनी मां के साथ कार में वापस घर जा रहा था। दोपहर करीब डेढ़ बजे वह भानपुर पुल से नीचे की तरफ जा रहे थे तभी पीछे से आ रहे गैस सिलेंडर से भरे मिनी ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जाकर भिड़ने से कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। कार सवार निखिल और उसकी मां घायल हो गए।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022